मगर दुनियावालों के दिल जल रहे थे
हम चल रहे थे

film: Satyavan Satyavadi singer: Mukesh
lyrics: music: Dattaram

हाल-ए-दिल हमारा, जानेना बेवफ़ा ये ज़माना ज़माना - २
सुनो दुनियावालों आएगा लौट के दिन सुहाना सुहाना
हाले-ए-दिल हमारा

एक दिन दुनिया बदलकर रास्ते पे आएगी
आज ठुकराती है हमको कल फिर शर्माएगी
बात को तुम मान लो अरे जान लो भैया
हाल-ए-दिल हमारा, जानेना बेवफ़ा ये ज़माना ज़माना
सुनो दुनियावालों

दाग है दिल पर हज़ारों हम तो फिर भी शाख हैं
आस के दीपक जलाए देख लो आबाद हैं
तिर दुनिया के सहे पर खुश रहे भैया
हाल-ए-दिल हमारा, जानेना बेवफ़ा ये ज़माना ज़माना
सुनो दुनियावालों

झूठ की मंज़िल पे यारों हम ना हर्गिज़ जायेंगे
हम ज़मीं की खाक सही आसमां पर छाएंगे
क्यूं भला दबकर रहें डरते नहीं भैया
हाल-ए-दिल हमारा, जानेना बेवफ़ा ये ज़माना ज़माना
सुनो दुनियावालों आयेगा लौट के दिन सुहाना सुहाना
हाल-ए-दिल हमारा

film: Phir Subah Hogi singer: Mukesh
lyrics: Sahir music: Khayyam

आसमां पे है ख़ुदा और ज़मीं पे हम (२)
आजकल वो इस तरफ़ देखता है कम
आसमां पे है ख़ुदा और ज़मीं पे हम

आजकल किसी को वो टोकता नहीं,
चाहे कुछ भी किजीये रोकता नहीं
हो रही है लुट मार फट रहे हैं बम
आसमां पे है ख़ुदा और ज़मीं पे हम
आजकल वो इस तरफ़ देखता है कम
आसमां पे है ख़ुदा और ज़मीं पे हम

किसको भेजे वो यहां ख़ाख छाने
इस तमाम भीड़ का हाल ज़ानने
आदमी हैं अनगीनत देवता हैं कम
आसमां पे है ख़ुदा और ज़मीं पे हम
आजकल वो इस तरफ़ देखता है कम
आसमां पे है ख़ुदा और ज़मीं पे हम

जो भी है वो ठीक है ज़िक्र क्यूं करें
हम ही सब जहां की फिक्र क्यूं करें
जो भी है वो ठीक है ज़िक्र क्यूं करें
हम ही सब जहां की फिक्र क्यूं करें
जब उसे ही ग़म नहीं क्यूं हमे हो ग़म
आसमां पे है ख़ुदा और ज़मीं पे हम
आजकल वो इस तरफ़ देखता है कम
आसमां पे है ख़ुदा और ज़मीं पे हम

film: Begunaah singer: Mukesh
lyrics: music: Shankar, Jaikishan

ऐ प्यासे दिल बेज़ुबां तुझको ले ज़ाउं कहां (२)
आ ...
आग को आग में ढाल के कब तक जी बहलायेगा
ऐ प्यासे दिल बेज़ुबां

(घटा झुकी और हवा चली तो हमने किसी को याद किया
चाहत के वीराने को उनके गम से आबाद किया) - २
ऐ प्यासे दिल बेज़ुबां मौसम की ये मस्तियां आ ...
आग को आग में ढाल के कब तक जी बहलयेगा
ऐ प्यासे दिल बेज़ुबां

(तारे नहीं अंगारे हैं वो अब चाँद भी जैसे जलता है
नींद कहां सीने पे कोई भारी कदमों से चलता है) - २
ऐ प्यासे दिल बेज़ुबां दर्द है तेरी दास्तां आ ...
आग को आग में ढाल के कब तक जी बहलयेगा
ऐ प्यासे दिल बेज़ुबां

कहां वो दिन अब कहां वो रातें तुम रुठे क़िस्मत रुठी
गैर से भेद छुपाने को हम हंसते फिरे हंसी झुठी
ऐ प्यासे दिल बेज़ुबां लुट के रहा तेरा जहां आ ...
आग को आग में ढाल के कब तक जी बहलायेगा
ऐ प्यासे दिल बेज़ुबां

film: Duniya Na Maane singer: Lata, Mukesh
lyrics: music: Madan Mohan

हम चल रहे थे, वो चल रहे थे
मगर दुनियावालों के दिल जल रहे थे
हम चल रहे थे, वो चल रहे थे
मगर दुनियावालों के दिल जल रहे थे
हम चल रहे थे

वोही है फिज़ायें वोही है हवायें
मगर प्यार कि अब नही वो अदायें
वोही है फिज़ायें वोही हेहवायें
मगर प्यार कि अब नहि वो अदायें
बुलायें हम उनको, मगर वो न आयें
हम चल रहे थे, वो चल रहे थे
मगर दुनियावालों के दिल जल रहे थे
हम चल रहे थे

उन्हें भुलकर भी, भुला ना सकूंगा
जो दिल में लगी है बुझा ना सकूंगा
उन्हें भुलकर भी, भुला ना सकूंगा
जो दिल में लगी है बुझा ना सकूंगा
मैं सपनों की दुनिया सजा ना सकूंगा
हम चल रहे थे, वो चल रहे थे

सूनी सेज गोद मोरी सूनी मर्म ना जाने कोय
छटपट तड़पे एक बिचारी ममता आँसू रोए
डूब गए हम बीच भँवर में - २
सरके सोलह साल
करमवा बैरी हो गये हमार

film: Ham Kisise Kam Nahin singer: Mohd. Rafi, Sushma Shrestha
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: R.D. Burman

क्या हुआ तेरा वादा, वो क़सम वो इरादा (२)
भूलेगा दिल, जिस दिन तुम्हें
वो दिन जिन्दगी का आखिरी दिन होगा
क्या हुआ तेरा वादा, वो क़सम वो इरादा

याद है मुझको तूने कहा था
तुमसे नहीं रुठेंगे कभी
फिर इस तरह से आज मिले हैं
कैसे भला छूटेंगे कभी
तेरी बाहों में बीते हर शाम
के तुझे कुछ भी याद नहीं
क्या हुआ ...

ओ कहने वाले मुझको फ़रेबी
कौन फ़रेबी है ये बता
हो जिसने गम लिया प्यार की खातिर
या जिसने प्यार को बेच दिया
नशा दौलत का ऐसा भी क्या
बेवफ़ा ये तुझे याद नहीं
क्या हुआ ...

भूलेगा दिल जिस दिन तुम्हें
वो दिन जिन्दगी का आखिरी दिन होगा
क्या हुआ तेरा वादा, वो कसम वो इरादा

film: Mukti singer: Mukesh lyrics: music: R.D. Burman

सुहानी चाँदनी रातें, हमें सोने नहीं देतीं
तुम्हारे प्यार की बातें, हमें सोने नहीं देतीं
सुहानी चाँदनी रातें, हमें सोने नहीं देतीं

तुम्हारे रेशमी ज़ुल्फ़ों में दिल के फूल खिलते थे
इन्हीं फूलों के मौसम में हम तुम भी मिलते थे
पुरानी वो मुलाकातें, हमें सोने नही देतीं
तुम्हारे प्यार की बातें, हमें सोने नहीं देतीं
सुहानी चाँदनी रातें ...

कहीं ऐसा न हो लग जाये आग दिल में पानी से
बदल ले रास्ता अपना घटाएं मेहरबानी से
कि यादों की ये बरसातें, हमें सोने नहीं देतीं
तुम्हारे प्यार की बातें, हमें सोने नहीं देतीं
सुहानी चाँदनी रातें ...

film: singer: Mahendra Kapoor lyrics: music:

ओ मेरा रंग दे बसंती चोला मेरा रंग दे है
ओ मेरा रंग दे बसंती चोला ओय रंग बेसमान है
बसंती चोला माई रंग दे बसंती चोला (२)
मेर रंग दे बसंती चोला
दम निकले इस देश की खातिर बस इतन अर्मान है (२)
एक बार इस राह में मरना सौ जन्मों के समान है
देख के वीरों की क़ुरबानी अपन दिल भी बोला
मेरा रंग दे बसंती चोला
इस चोले को पहन शिवाजी खेले अपनी जान पे
ओ मेरा रंग दे बसंति चोला मेरा रंग दे
ओ मेरा रंग दे बसंति चोला ओय रंग दे अपनी आन पे
बसंती चोला माई रंग दे बसंती चोला
आज उसी को पहन के निकला हम मस्तों का टोला
जिस चोले को पहन शिवाजी खेले अपनी जान पे (२)
जिसे पहन झांसी की रानी मिट गई अपनी आन पे
आज उसी को पहन के निकला पहन के निकला
आज उसी को पहन के निकला हम मस्तों का टोला
मेरा रंग दे बसंती चोला

ओ मेरा रंग दे बसंती चोला मेरा रंग दे
ओ मेरा रंग दे बसंती चोला ओय रंग दे
बसंती चोला माई रंग दे बसंती चोला (२)

कुछ तेरा याद आना गजब हो गया
चाँदनी रात में

अपने हिस्से में तूफ़ां की तक़दीर थी
ज़िन्दगी अपनी मौजों की ज़ंजीर थी (२)
डूब जाने का अपने हमें ग़म न था
उसका साहिल पे आना गजब हो गया
चाँदनी रात में

चाँदनी रात में चाँद के सामने
रुख़ से परदा हटाना गज़ब हो गया
चाँदनी छुप गई चाँद शरमा गया (२)
आपका मुस्कराना गज़ब हो गया
चाँदनी रात में चाँद के सामने
रुख़ से परदा हटाना गज़ब हो गया

film: singer: Mukesh lyrics: music:

दीवाना मुझको लोग कहें
मैं समझूँ जग है दीवाना हो
मैं समझूँ जग है दीवाना
दीवाना मुझको लोग कहें

हँसता है कोई सूरत पे मेरी
हँसता है कोई हालत पे मेरी
है कौन बुरा मालिक जाने
अंजाम से बेगाना

मैं यार की खातिर लुट जाऊँ
मैं यार की खातिर मिट जाऊँ
छोटा ही सही पर दिल है बड़ा
हर हाल पे बेगाना

दीवाना मुझको लोग कहें
मैं समझूँ जग है दीवाना हो
मैं समझूँ जग है दीवाना
दिवाना मुझको लोग कहें

film: Anadi singer: Mukesh
lyrics: Shailendra music: Shankar, Jaikishan

सब कुछ सीखा हमने ना सीखी होशियारी
सच है दुनियावालों कि हम हैं अनाड़ी

दुनिया ने कितना समझाया
कौन है अपना कौन पराया
फिर भी दिल की चोट छुपा कर
हमने आपका दिल बहलाया
खुद पे मर मिटने की ये ज़िद थी हमारी (२)
सच है दुनियावालों कि हम हैं अनाड़ी

असली नकली चेहरे देखे
दिल पे सौ सौ पहरे देखे
मेरे दुखते दिल से पूछो
क्या क्या ख्वाब सुनहरे देखे
टूटा जिस तारे पे नज़र थी हमारी (२)
सच है दुनियावालों कि हम हैं अनाड़ी

दिल का चमन उजड़ते देखा
प्यार का रंग उतरते देखा
हमने हर जीने वाले को
धन दौलत पे मरते देखा
दिल पे मरने वाले मरेंगे भिखारी (२)
सच है दुनियावालों कि हम हैं अनाड़ी

film: Teesri Kasam singer: Mukesh
lyrics: Hasrat, Shailendra music: Shankar, Jaikisan

सजनवा बैरी हो गये हमार (२)
चिठिया हो तो हर कोई बाँचे
भाग ना बाँचे कोय
करमवा बैरी हो गये हमार

जाए बसे परदेस बलमवा सौतन के भरमाए
ना सन्देस ना कोई खबरिया, रुत आए रुत जाए
ना कोई इस पार हमारा - २
ना कोई उस पार
सजनवा बैरी हो गये हमार

अपना नाता है सदियों पुराना
चलते चलते चाहे ये रुक जाये
फिर भी रहेगा ये रिश्ता सुहाना
आँधी या तूफ़ां
आँधी या तूफ़ां चाहे जो भी आए
कारवाँ हमारा तो चलता रहेगा

जनम मरण का साथ हमारा
हर जीवन हम मिल के रहेंगे
चमकेगें कभी बन के सितारे
फूल बन के कभी हम सब खिलेंगे
समय का सागर
समय का सागर सूख भी जाये
प्रेम का कमल तो खिलता रहेगा

हम ना रहेंगे तुम ना रहोगे

film: Shole singer: Kishore, Manna Dey
lyrics: Anand Bakshi music: R.D. Burman

ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे
तोड़ेंगे दम मगर तेरा साथ ना छोडेंगे

ऐ मेरी जीत तेरी जीत तेरी हार मेरी हार
सुन ऐ मेरे यार
तेरा ग़म मेरा ग़म तेरी जान मेरी जान
ऐसा अपना प्यार
खाना पीना साथ है, मरना जीना साथ है (२)
सारी ज़िन्दगी
ये दोस्ती ...

लोगों को आते हैं दो नज़र हम मगर
ऐसा तो नहीं
हों जुदा या ख़फ़ा ऐ ख़ुदा दे दुआ
ऐसा हो नहीं
जान पर भी खेलेंगे तेरे लिये ले लेंगे (२)
सबसे दुश्मनी

ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे
तोड़ेंगे दम मगर तेरा साथ ना छोड़ेंगे

film: Safar singer: Kishore
lyrics: Indeevar music: Kalyanji, Anandji

ज़िन्दगी का सफ़र है ये कैसा सफ़र
कोई समझा नहीं कोई जाना नहीं
है ये कैसी डगर चलते हैं सब मगर
कोई समझा नहीं कोई जाना नहीं

ज़िन्दगी को बहुत प्यार हमने किया
मौत से भी मुहब्बत निभाएंगे हम
रोते रोते ज़माने में आये मगर
हँसते हँसते ज़माने से जाएँगे हम
जाएँगे पर किधर है किसे ये खबर
कोई समझा नहीं कोई जाना नहीं

ऐसे जीवन भी हैं जो जिये ही नहीं
जिनको जीने से पहले ही मौत आ गयी
फूल ऐसे भी हैं जो खिले ही नहीं
जिनको खिलने से पहले फ़िज़ा खा गई
है परेशां नज़र थक गये चारागर
कोई समझा नहीं कोई जाना नहीं

है ये कैसी डगर चलते हैं सब मगर
कोई समझा नहीं कोई जाना नहीं
ज़िन्दगी का सफ़र है ये कैसा सफ़र
कोई समझा नहीं कोई जाना नहीं

film: singer: Pankaj Udhas lyrics: music:

चाँदनी रात में चाँद के सामने
रुख से परदा हटाना गज़ब हो गया
चाँदनी छुप गई चाँद शरमा गया (२)
आपका मुस्कराना गज़ब हो गया
चाँदनी रात में चाँद के सामने
रुख़ से परदा हटाना गज़ब हो गया

झूम कर काली काली घटा जब उठी
रात अपनी तो करवट बदलते कटी (२)
कुछ तो मौसम ने बेचैन रखा हमें

ज़िन्दगी तो बेवफ़ा है एक दिन ठुकराएगी
मौत महबूबा है अपने साथ लेकर जाएगी
मर के जीने की अदा जो दुनिया को सिखलाएगा
वो मुक़द्दर का सिकन्दर . . .

हमने माना ये ज़माना दर्द की जागीर है
हर कदम पे आँसुओं की इक नई ज़ंजीर है
आए दिन पर जो खुशी के गीत गाता जाएगा
वो मुक़द्दर का सिकन्दर . . .

रोते हुए आते हैं सब, हंसता हुआ जो जाएगा
वो मुक़द्दर का सिकन्दर जानेमन कहलाएगा

ITRANS Song Book: 482.s

film: singer: Pankaj Udhas, Anuradha Paudhval
lyrics: music:

तुझ बिन जी ना पाएंगे हम तो सनम मर जाएंगे
तू धड़कन है मेरे दिल की न होना दिल से जुदा

इस दुनिया में सबसे बढ़कर तुझसे प्यार है मुझको (२)
साँसों की ज़ंजीर में दिलबर रख लो बाँध के मुझको
हमसाया तेरा बन जायेंगे जीवन तुझे बनाएंगे
तू धड़कन है मेरे दिल की न होना दिल से जुदा

तू जाए तो जान भी जाए तू तो जान है मेरी (२)
कौन मुझे पहचाने तुझ बिन तू पहचान है मेरी
हम तो जहाँ भी जायेंगे तेरे ही कहलायेंगे
तू धड़कन है मेरे दिल की न होना दिल से जुदा

तुझ बिन जी ना पायेंगे हम तो सनम मर जयेंगे
तू धड़कन है मेरे दिल की न होना दिल से जुदा

ITRANS Song Book: 483.s

film: Saavan Ko Aane Do singer: Yesudas
lyrics: music: Rajkamal

जानम जानम तेरा मेरा प्यार नया है
गीत पुराना साज़ नया है
जानम जानम . . .

आज की हर घड़ी रुप में इक नया निखार लेके आई है
रात की चाँदनी ज़िंदगी में इक नई बहार लेके आई है
कुदरत ने खोले हैं आखों के राज नये
जानम जानम . . .

झरनों में आज नया गीत है
गीतों में प्यार का संगीत है (२)
महकी हवा ने चंचल फ़िज़ा ने (२)
तुझ ही से सीखे हैं आखों के राज नये
जानम जानम . . .

ITRANS Song Book: 484.s

film: Nayyaa singer: Yesudas lyrics: music: Ravindra Jain

हो गोरिया रे, हो गोरिया रे
तेरे आने से सज गई हमरी ये टूटी फूटी नाव (२)

नैया तो हमारा घर आँगना
इससे ही पाना और मांगना
गहरी नदी का कोर न छोड़
लहरें सजा रे मनवा में जोर
गोरिया रे . . .

अपना तो नित यही काम है
आने जाने वालों को सलाम है
कभी कभी आना इस नाव में
इक घर तेरा है मेरे गाँव में
गोरिया रे . . .

ITRANS Song Book: 485.s

film: singer: Mukesh lyrics: music:

हम ना रहेंगे तुम ना रहोगे
ये प्यार हमारा हमेशा रहेगा
प्यार का ऐसा फ़साना रचेंगे
कि याद हमारी ज़माना करेगा
हम ना रहेंगे

सूरज धरती चन्दा जैसा

१) आँखें नाज़ुक सी कलियां
बात मिश्री की डलियां
होंठ गंगा के साहिल
ज़ुल्फ़ें जन्नत की गलियां
तेरी खातिर फ़रिश्ते, सर पे इल्ज़ाम लेंगे (२)
हुस्न की बात...

२) कुछ कहेगी हवा भी
कुछ कहेगी घटा भी
और मुमकिन है तेरा
ज़िक्र कर दे खुदा भी
फिर तो पत्थर ही शायद, जब्त से काम लेंगे (२)
हुस्न की बात...

चाँद आहें भरेगा
फूल दिल थाम लेंगे...

film: Teri Kasam singer: Amit Kumaar
lyrics: Anand Bakshi music: R.D. Burman

ये ज़मीं गा रही है, आसमाँ गा रहा है
साथ मेरे ये सारा जहाँ गा रहा है

शोख कलियों के घूँघट सरकने लगे हैं
मस्त फूलों के दिल भी धड़कने लगे हैं
ये बहारों का दिलकश समा गा रहा है
साथ मेरे ये सारा जहाँ गा रहा है

झूमकर पर्बतों पे घटा छा रही है
प्यार की उम्र शायद करीब आ रही है
मेरा दिल प्यार की ये दास्ताँ गा रहा है
साथ मेरे ये सारा जहाँ गा रहा है

भूल कर राह कोई हसीं आ न जाए
इस जगह कोई परदा-नशीं आ न जाए
इस जगह आज एक नौजवाँ गा रहा है
साथ मेरे ये सारा जहाँ गा रहा है

ये ज़मीं गा रही है...

film: singer: Pankaj Udas lyrics: music:

चाँदी जैसा रंग है तेरा सोने जैसे बाल
इक तू ही धनवान है गोरी बाकी सब कंगाल

जिस रस्ते से तू गुजरे वो फूलों से भर जाये (२)
तेरे पैर की कोमल आहट सोते भाग जगाये
जो पत्थर तो छू ले गोरी वो हीरा बन जाये
तू जिसको मिल जाये वो
तू जिसको मिल जाये वो हो जाये मालामाल
इक तू ही धनवान है गोरी बाकी सब कंगाल

जो बेरंग हैं उसपे क्या क्या रंग जमाते लोग (२)
तू नादान न जाने कैसे रूप चुराते लोग
नज़रें जी जी भर के देखें आते जाते लोग
छैल छबीली रानी थोड़ा
छैल छबीली रानी थोड़ा घूँघट और निकाल
इक तू ही धनवान है गोरी बाकी सब कंगाल

घनक घटा कलियाँ और तारे सब हैं तेरा रूप (२)
गज़लें हों या गीत हों मेरे सब में तेरा रूप
यूँ ही चमकती रहे हमेशा तेरे हुस्न की धूप
तुझे नज़र ना लगे किसी की
तुझे नज़र ना लगे किसी की जिये हज़ारों साल
इक तू ही धनवान है गोरी बाकी सब कंगाल

चाँदी जैसा रंग है तेरा सोने जैसे बाल
इक तू ही धनवान है गोरी बाकी सब कंगाल

film: Mukaddar kaa Sikandar singer: Kishore
lyrics: Anjaan music: Kalyanji, Anandji

रोते हुए आते हैं सब, हंसता हुआ जो जाएगा
वो मुक़द्दर का सिकन्दर जानेमन कहलाएगा

वो सिकन्दर क्या था जिसने ज़ुल्म से जीता जहां
प्यार से जीते दिलों को वो झुका दे आसमां
जो सितारों पर कहानी प्यार की लिख जाएगा
वो मुक़द्दर का सिकन्दर...

डर लागे गरजे बदरिया - २
सावन की ऋतु कजरा रे कारी - २
चमके मतवारी बिजुरिया - २
अब कहा करूँ कित जाऊँ
मोहे छोड़ गए साँवरिया
डर लागे गरजे बदरिया

मेहा बरसे नैना तरसे
प्यासा मनवा तुझ को पुकारे
आँचर भीगे अंगिया भीगे
जियरा में जलते अंगारे
कहा करूँ
अब कहा करूँ कित जाऊँ
मोरी सूनी हाय सजरिया
डर लागे गरजे बदरिया

ITRANS Song Book: 476.s

film: Barsaat Ki Raat singer: Lata, Kamal Barot
lyrics: Sahir Ludhianvi music: Roshan

गरजत बरसत सावन आयो रे,
गरजत बरसत सावन आयो रे
लायो न संग में, हमरे बिछड़े बलमवा
सखी का करूं हाय, गरजत बरसत सावन आयो रे
गरजत बरसत सावन
आयो रे सावन आयो, सावन आयो रे
गरजत बरसत सावन

रिमझिम-रिमझिम मेघा बरसे
रिमझिम-रिमझिम मेघा - बरसे - बरसे
रिमझिम-रिमझिम मेघा बरसे
तड़पे जियरवा मीन समान
पड़ गई पी की लाल चुनरिया
पिया नहीं आए
गरजत बरसत सावन आयो रे
गरजत बरसत सावन

पल पल छिन छिन पवन झकोरे - ३
लागे तन पर तीर समान - तीर समान
सखी लागे तन पर तीर समान
नैनन ढले तो भीगी सजरिया
अगन लगाए
गरजत बरसत सावन आयो रे
लायो ना संग में, हमरे बिछड़े बलमवा
सखी का करूं हाय, गरजत बरसत सावन आयो
लायो ना - संग में - हमरे - बिछड़े - बलमवा
सखी का करूं हाय रे हाय

ITRANS Song Book: 477.s

film: Tere Mere Sapne singer: Lata
lyrics: Neeraj music: S.D. Burman

राधा ने माला जपी श्याम की
मैने ओढ़ी चुनरिया तेरे नाम की
तेरे नाम की रे पिया तेरे ही नाम की
राधा ...

क्या उमंग है क्या तरंग है
मेरे अंग अंग बसा पी का रंग है
??
राधा ...

डोर क्या बंधी प्रीत क्या जुड़ी
बिना जतन बिना यतन हो गई मैं नई
बिना मोल की रे पिया बिना दाम की
राधा ...

पा लिया तुझे ... पा लिया
पा लिया तुझे पाई हर खुशी
??
??
राधा ...

ITRANS Song Book: 478.s

film: Phul Bane Angaare singer: Mukesh
lyrics: Anand Bakshi music: Kalyanji, Anandji

चाँद आहें भरेगा
फूल दिल थाम लेंगे
हुस्न की बात चली तो
सब तेरा नाम लेंगे

एक अकेला इस शहर में, रात में और दोपहर में
आबोदाना ढूँढता है, आशियाना ढूँढता है

दिन खाली खाली बर्तन हैं, और रात है जैसे अंधा कुँवां
इन सूनी अन्धेरी आँखों में, आँसू की जगह आता हैं धुँवां
जीने की वजह तो कोई नहीं, मरने का बहाना ढूँढता है
एक अकेला इस शेहर में

इन उम्र से लम्बी सड़कों को, मन्ज़िल पे पहुंचते देखा नहीं
बस दौड़ती फिरती रहती हैं, हम ने तो ठहरते देखा नहीं
इस अजनबी से शेहर में, जाना पहचाना ढूँढता है
एक अकेला इस शेहर में

film: Jewel Thief singer: Lata
lyrics: Majrooh music: S.D. Burman

रुला के गया सपना मेरा
बैठी हूँ कब हो सवेरा, रुला ...

वही है ग़म-ए-दिल, वही है चंदा, तारे
हाय, वही हम बेसहारे
आधी रात वही है, और हर बात वही है
फिर भी न आया लुटेरा, रुला ...

कैसी ये ज़िंदगी, कि साँसों से हम, ऊबे
हाय, कि दिल डूबा हम डूबे
एक दुखिया बेचारी, इस जीवन से हारी
उस पर ये ग़म का अन्धेरा, रुला ...

film: Baazi singer: Geeta Dutt
lyrics: Sahir Ludhianvi music: S.D. Burman

(तदबीर से बिगड़ी हुई तक़दीर बना ले, तक़दीर बना ले
अपने पे भरोसा है तो ये दांव लगा ले,
लगा ले दांव लगा ले) - २

(डरता है ज़माने की निगाहों से भला क्यूँ
निगाहों से भला क्यूँ) - २
इन्साफ़ तेरे साथ है इलज़ाम उठा ले, इलज़ाम उठा ले
अपने पे भरोसा हैं तो ये दांव लगा ले
लगा ले दांव लगा ले

(क्या खाक वो जीना है जो अपने ही लिये हो
अपने ही लिये हो) - २
खुद मिटके किसी और को मिटने से बचा ले
अपने पे भरोसा हैं तो ये दांव लगा ले
लगा ले दांव लगा ले

टूटे हुए पतवार हैं कश्ती के तो हम क्या
हारी हुई बाहों को ही पतवार बना ले, पतवार बना ले
अपने पे भरोसा हैं तो ये दांव लगा ले,
लगा ले दांव लगा ले

तदबीर से बिगड़ी हुई ...

film: Chhaya singer: Lata
lyrics: Rajinder Krishan music: Salil Chaudhary

छम छम नाचत आई बहार - २
पाट पाट ने ली अन्गड़ाई
झूम रही है डार डार
छम छम नाचत आई बहार - २

(महक रही है फुलवारी
निखरी क्यारी क्यारी) - २
फूल फूल पर जोबन आया
कली कली ने किया सिंगार
छम छम नाचत आई बहार - २

(मन मतवारा डोले
जाने क्या क्या बोले) - २
नई नवेली आशा जागी
झूमत मनवा बार बार
छम छम नाचत आई बहार - २

film: Ram Rajya singer: Lata
lyrics: Bharat Vyas music: Vasant Desai

हमको मनकी शक्ति देना, मन विजय करें
दूसरोंकी जय से पहले, खुदकी जय करें
हमको मनकी शक्ति देना ...

भेद-भाव अपने दिलसे, साफ़ कर सकें
दूसरोंसे भूल हो तो, माफ़ कर सकें
झूठ से बचे रहें, सचका दम भरें
दूसरोंकी जयसे पहले, खुदकी जय करें
हमको मनकी शक्ति देना ...

मुश्किलें पड़ें तो हमपे, इतना कर्म कर
साथ दें तो धर्म का, चलें तो धर्म पर
खुदपे हौसला रहे, सचका दम भरें
दूसरोंकी जयसे पहले, खुदकी जय करें
हमको मनकी शक्ति देना ...

film: Pahli Tarikh singer: Kishore
lyrics: Qamar Jalalabadi music: Sudhir Phadke

दिन है सुहाना आज पहली तारीख है - २
खुश है ज़माना आज पहली तारीख है
पहली तारीख अजी पहली तारीख है

बीवी बोली घर ज़रा जल्दी से आना, जल्दी से आना
शाम को पियाजी हमें सिनेमा दिखाना, हमें सिनेमा दिखाना
करो ना बहाना हाँ बहाना बहाना
करो ना बहाना आज पहली तारीख है
खुश है ज़माना आज पहली तारीख है
पहली तारीख अजी पहली तारीख है

किस ने पुकारा रुक गया बाबू
लालाजी की जाँ आज आया है काबू आया है काबू
ओ पैसा ज़रा लाना लाना लाना
ओ पैसा ज़रा लाना आज पहली तारीख है
खुश है ज़माना आज पहली तारीख है
पहली तारीख अजी पहली तारीख है

बंदा बेकार है क़िसमत की मार है
सब दिन एक है रोज़-ए-ऐतबार है
मुझे ना सुनाना हाँ सुनाना सुनाना
मुझे ना सुनाना आज पहली तारीख है
खुश है ज़माना आज पहली तारीख है
पहली तारीख अजी पहली तारीख है

दफ़्तर के सामने आए मेहमान हैं
बड़े ही शरीफ़ हैं पुराने मेहरबान हैं - २
अरे जेब को बचाना बचाना बचाना
जेब को बचाना आज पहली तारीख है
खुश है ज़माना आज पहली तारीख है
पहली तारीख अजी पहली तारीख है

दिल बेक़रार है सोए नहीं रात से
सेठजी को ग़म है कि पैसो चलो हाथ से
अरे लूटेगा खज़ाना खज़ाना खज़ाना
लूटेगा खज़ाना आज पहलि तारीख है
खुश है ज़माना आज पहली तारीख है
पहली तारीख अजी पहली तारीख है

ऐ सिनेमावालों आओ आओ खेल मज़ेदार है
ओ खेल मज़ेदार है जी खेल मज़ेदार है
आगा है भगवान है किशोर कुमार है
निम्मि गीता बाली है अशोक कुमार है
नरगीस राज कपूर है दिलीप कुमार है
गीतों का तूफ़ान है नाच की बहार है, नाच कि बहार है
पांच आने का दस आना - ३
अरे वापस नहीं जाना जाना जाना
वापस नहीं जाना आज पहलि तारीख है
खुश है ज़माना आज पहली तारीख है
पहली तारीख अजी पहली तारीख है

मिलजुल के बच्चों ने बापू को घेरा, बापू को घेरा
कहते हैं सारे की बापू है मेरा, बापू है मेरा
खिलौने ज़रा लाना, खिलौने ज़ला लाना आज पहली तारीख है
खुश है ज़माना ... पहली तारीख ...

दिन है सुहाना आज पहली तारीख है
खुश है ज़माना आज पहली तारीख है
पहली तारीख अजी पहली तारीख है

film: Gharonda singer: Bhupinder
lyrics: Gulzar music: Jaidev

लता: अजी तुम्हारे
किशोर: हा हा हा हा
होंठों पे ये शहद के धारे किस के लिये हैं, बोलो बोलो
लता: अजी तुम्हारे
किशोर: हाँ, शर्म कहाँ की आओ गले लग जाओ जी
कब से खड़ा हूँ प्यासा प्यास बुझाओ जी
लता: हट जाओ जी
किशोर: बुझाओ जी
लता: बदनामी से
किशोर: हो, ओ ओ
लता: बदनामी से डर लगता है
ये तो सोचो किस मुश्किल से, वादा तो निभाया
ओ ओ मेरे राजा ...
किशोर: समझ गया मैं, वही पुराना, तेरा बहाना ...
लता: ओ ओ मेरे राजा ...

film: Kaala Paani singer: Rafi, Asha
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: S.D. Burman

आशा: अच्छा जी मैं हारी, चलो मान जाओ ना
रफ़ी: देखी सबकी यारी, मेरा दिल जलाओ ना

आशा: (छोटे से क़ुसूर पे, ऐसे हो खफ़ा
रफ़ी: रूठे तो हुज़ूर थे, मेरी क्या खता) - २
आशा: देखो दिल ना तोड़ो
रफ़ी: छोड़ो हाथ छोड़ो
आशा: देखो दिल न तोड़ो
रफ़ी: अरे! छोड़ो हाथ छोड़ो
आशा: छोड़ दिया तो हाथ मलोगे समझे?
रफ़ी: अजी समझे!

आशा: (जीवन के ये रास्ते, लम्बे हैं सनम
रफ़ी: काटेंगे ये ज़िंदगी, ठोकर खाके हम) - २
आशा: ओय! ज़ालिम साथ देले
रफ़ी: अच्छे हम अकेले
आशा: ज़ालिम साथ देले
रफ़ी: अरे अच्छे हम अकेले
आशा: चार कदम भी चल न सकोगे समझे?
रफ़ी: हाँ समझे!

आशा: (जाओ रह सकोगे ना तुम भी चैन से
रफ़ी: तुम तो खैर लूटना जीनेके मज़े) - २
आशा: क्या करना है जीके
रफ़ी: हो रहना किसी के
आशा: क्या करना है जीके
रफ़ी: अरे, हो रहना किसी के
आशा: हम ना रहे तो याद करोगे, समझे?
रफ़ी: समझे!

आशा: अच्छा जी मैं हारी, चलो मान जाओ ना
रफ़ी: देखी सबकी यारी, मेरा दिल जलाओ ना

film: Chitchor singer: Yesudas, Hemlata
lyrics: music: Ravindra Jain

जब दीप जले आना, जब शाम ढले आना
सन्देस मिलन का भूल न जाना मेरा प्यार ना बिसराना
जब दीप जले आना ...

नित सांझ सवेरे मिलते हैं
उन्हें देखके तारे खिलते हैं
लेते हैं विदा एक दूजे से कहते हैं चले आना
जब दीप जले आना ...

नी रे ग, रे ग, म ग रे स स नी
प प म, रे ग, स नी स ग प म प

मैं पलकन डगर बुहारूंगा
तेरी राह निहारूंगा
मेरी प्रीत का काजल तुम अपने नैनों में मले आना
जब दीप जले आना ...

जहां पहली बार मिले थे हम
जिस जगह से संग चले थे हम
नदिया के किनारे आज उसी
अमवा के तले आना
जब दीप जले आना ...

film: Guddi singer: Vani Jairam
lyrics: Gulzar music: Vasant Desai

film: singer: Pankaj Udhas lyrics: music:

सागर से सुराही टकराती बादल को पसीना आ जाता
तुम ज़ुल्फ़ अगर लहरा देते सावन का महीना आ जाता

जीने की अदा से नावाक़िफ़ इनसां को भी जीना आ जाता
थोड़ी सी अगर तुम दे देते ज़ाहिद को भी पीना आ जाता

किस्मत में ना थीं ये दो रातें, एक प्यार की एक तनहाई की
एक रात में जीना आ जाता एक रात में मरना आ जाता

अफ़सोस तुम अपनी आँखों से छलका ना सके झलका ना सके
थोड़ी सी अगर छलका देते अनवर को भी पीना आ जाता

film: singer: Pankaj Udhas lyrics: music:

सब को मालूम है मैं शराबी नहीं
फिर भी कोई पिलाए तो मैं क्या करूँ
सिर्फ़ एक बार नज़रों से नज़रें मिलें
और क़सम टूट जाए तो मैं क्या करूँ

मुझ को मैं ख़ुश समझता है सब बड़ा ख़ुश
क्यूँ के उनकी तरह लड़खड़ाता हूँ मैं
मेरी रग रग में नशा मुहब्बत का है
जो समझ में ना आए तो मैं क्या करूँ

हाल सुन कर मेरा सहमे-सहमे हैं वो
कोई आया है ज़ुल्फ़ें बिखेरे हुए
मौत और ज़िंदगी दोनों हैरान हैं
दम निकलने न पाए तो मैं क्या करूँ

कैसी लूट कैसी चाहत कहाँ की खता
बेखुदी में हाय अनवर खिदू(?) का नशा
ज़िंदगी एक नशे के सिवा कुछ नहीं
तुम को पीना न आए तो मैं क्या करूँ

film: Johny Mera Naam singer: Kishore, Asha
lyrics: Rajendra Krishan music: Kalyanji, Anandji

लता: ओ ओ मेरे राजा, ख़फ़ा न होना
देर से आई, दूर से आई
मजबूरी थी फिर भी मैने
वादा तो निभाया, वादा तो निभाया
किशोर: ओ ओ मेरी रानी, समझ गया मैं
वही पुराना, तेरा बहाना
देर से आना और ये कहना
वादा तो निभाया, वादा तो निभाया

किशोर: इंतज़ार के एक एक पल का बदला लूँगा
लता: ऐसा भी क्या
किशोर: ये न समझना आज भी ऐसे जाने दूँगा
लता: ऐसा भी क्या
किशोर: कितना सताया पहले उसका हिसाब दो
अंखियों में अंखियाँ डालके जवाब दो
लता: बचती बचाती
किशोर: ओ ओ
लता: बचती बचाती ... छुपती छुपाती
तुम क्या जानो कैसे आई,
वादा तो निभाया, ओ ओ मेरे राजा
किशोर: समझ गया मैं, वही पुराना, तेरा बहाना ...
लता: ओ ओ मेरे राजा ...

लता: बाहों की इन ज़ंजीरों में यूँ ना जकड़ो
किशोर: हम जकड़ेंगे
लता: मुड़ जाएगी मेरी कलाई हाथ न पकड़ो
किशोर: हम पकड़ेंगे
लता: छोड़ो ना
किशोर: नहीं
लता: छोड़ो ना
किशोर: ऐसे तो नाज़ुक नहीं हाथ सरकार के
मौके भी कभी कभी मिलते हैं प्यार के
लता: प्यार अभी तो
किशोर: हो, ओ ओ
लता: प्यार अभी तो नया नया है
मेरी वफ़ा की कदर करो कि,
वादा तो निभाया, ओ ओ मेरे राजा ...
किशोर: ओ ओ मेरी रानी ...

किशोर: कहो ये गालों के अंगारे किसके लिये हैं, कहो कहो

यूनान, मिस्र, रोमां, सब मिट गए जहाँ से
अब तक मगर है बाकी, नाम-ओ-निशां हमारा,
सारे ...

कुछ बात है की हस्ती, मिटती नहीं हमारी
सदियों रहा है दुश्मन, दौर-ए-जहाँ हमारा, सारे ...

'इक़बाल' कोई मरहूम, अपना नहीं जहाँ में
मालूम क्या किसी को, दर्द-ए-निहां हमारा, सारे ...

ITRANS Song Book: 461.s

film: Upkaar singer: Mahendra Kapoor, chorus
lyrics: Indeevar music: Kalyanji, Anandji

मेरे देश की धरती सोना उगले, उगले हीरे मोती
मेरे देश की धरती ...

बैलों के गले में जब घुंघरू जीवन का राग सुनाते हैं
ग़म कोस दूर हो जाता है खुशियों के कंवल मुस्काते हैं
सुनके रहट की आवाज़ें यूँ लगे कहीं शहनाई बजे
आते ही मस्त बहारों के दुल्हन की तरह हर खेत सजे,
मेरे देश ...

जब चलते हैं इस धरती पे हल ममता अंगड़ाइयाँ लेती है
क्यूँ ना पूजे इस माटी को जो जीवन का सुख देती है
इस धरती पे जिसने जनम लिया, उसने ही पाया प्यार तेरा
यहाँ अपना पराया कोई नहीं है सब पे है माँ उपकार तेरा,
मेरे देश ...

ये बाग़ है गौतम नानक का खिलते हैं चमन के फूल यहाँ
गांधी, सुभाष, टैगोर, तिलक, ऐसे हैं अमन के फूल यहाँ
रंग हरा हरी सिंह नलवे से रंग लाल है लाल बहादुर से
रंग बना बसंती भगत सिंह रंग अमन का वीर जवाहर से,
मेरे देश ...

ITRANS Song Book: 462.s

film: Asli Naqli singer: Rafi, Lata
lyrics: Hasrat Jaipuri music: Shankar, Jaikishan

रफ़ी: तुझे जीवन की डोर से, बांध लिया है, ... बांध लिया है
तेरे ज़ुल्मो-सितम, सर आँखों पर
लता: मैने बदले में प्यार के, प्यार दिया है, ... प्यार दिया है
तेरी खुशियाँ और गम, सर आँखों पर
रफ़ी: तुझे जीवन की ...

(अप्सरा कोई आए तो देखूँ नहीं
कोई बहकाये हंसके तो बहकूँ नहीं) - २
तोरे मतवारे नैनों ने, जादू किया
ओ ... तोरे मतवारे नैनों ने, जादू किया
तेरी उल्फ़त सनम ... सर आँखों पर
लता: मैने बदले में प्यार के, प्यार दिया है, ... प्यार दिया है
तेरी कुशियाँ और गम, सर आँखों पर

(मेरे जीवन की अनमिट कहानी है तू
मेरी तक़दीर और ज़िंदगानी है तू) - २
लिये फ़िरते हैं सबसे छुपाये हुए
ओ ... लिये फ़िरते हैं सबसे छुपाये हुए
तेरी तसवीर हम ... सर आँखों पर
रफ़ी: तुझे जीवन की डोर से, बांध लिया है, ... बांध लिया है
तेरे ज़ुल्मो-सितम, सर आँखों पर
(दोनो): तुझे जीवन की डोर से, बांध लिया है, बांध लिया है
तेरे ज़ुल्मो-सितम, सर आँखों पर

ITRANS Song Book: 463.s

film: singer: Rafi, Suman Kalyanpur
lyrics: music: Shankar, Jaikishan

अजहुँ ना आए बालमा, सावन बीता जाए
हाय रे सावन बीता जाए

नींद भी अंखियन द्वार न आए
तोसे मिलन की आस भी जाए
आई बहार खिले फुलवा
मोरे सपने कौन सजाए
आ ... अजहुं ...

चांद को बदरा गरवा लगाए
और भी मोरे मन ललचाए
यार हसीन गले लग जा
मोरी उम्र गुज़रती जाए
आ ... अजहुं ...

लता: लिखा है तेरी आँखों में, किसका अफ़साना
किशोर: अगर इसे समझ सको, मुझे भी समझाना
लता: लिखा है तेरी आँखों में, किसका अफ़साना

film: Kismat singer: Asha
lyrics: S.H. Bihari music: O.P. Nayyar

आओ हुज़ूर तुमको, सितारों में ले चलूँ ... **hic!**
दिल झूम जाए ऐसी, बहारों में ले चलूँ
आओ हुज़ूर आओ ...

(हमराज़ हमख़याल तो हो, हमनज़र बनो
तय होगा ज़िंदगी का सफ़र, हमसफ़र बनो) - २
आ हा हा, ओ ओ, हो हो हो,
आ हा आ हा हा, ओ हो हो ... **hic!**
चाहत के उजले-उजले नज़ारों में ले चलूँ
दिल झूम जाए ऐसी, बहारों में ले चलूँ
आओ हुज़ूर आओ ...

लिख दे किताब-ए-दिल पे कोई, ऐसी दास्तां
जिसकी मिसाल दे न सके, सातों आसमां
आ हा हा, ओ ओ, हो हो हो,
आ हा आ हा हा, ओ हो हो ... **hic!**
बाहों में बाहें डाले, नज़ारों में ले चलूँ
दिल झूम जाये ऐसी, बहारों में ले चलूँ
आओ हुज़ूर आओ ...

film: Heera Panna singer: Kishore, Lata
lyrics: Anand Bakshi music: R.D .Burman

लता: पन्ना की तमन्ना है कि हीरा मुझे मिल जाये
चाहे मेरी जान जाये चाहे मेरा दिल जाये
हो ... पन्ना की तमन्ना है कि हीरा मुझे मिल जाये
चाहे मेरी जान जाये चाहे मेरा दिल जाये

किशोर: हीरा तो पहले ही किसी और का हो चुका - २
किसी की, मदभरी, आँखों में खो चुका
यादों की बस से धूल बन चुका दिल का फूल
लता: सीने पे मैं रख दूँ जो हाथ फिर खिल जाये
चाहे मेरी जान जाये चाहे मेरा दिल जाये
हो ... पन्ना की तमन्ना है कि हीरा मुझे मिल जाये
चाहे मेरी जान जाये चाहे मेरा दिल जाये

लता: दिल तो देते हैं लेते हैं लोग कई बार - २
हुआ क्या, किसी से, किया था, तुमने प्यार
यादों को छोड़ दे, वादों को तोड़ दे
किशोर: अपनी जगह से कैसे परबत हिल जाये
चाहे मेरी जान जाये चाहे मेरा दिल जाये

किशोर: भूला ना मेरे दिल को कभी जिस का ख़याल - २
हो सके, तो उसे, मेरे दिल से तू निकाल
लता **(laughs)** :
ना करूँ मैं ये काम तो नहीं मेरा नाम - २
किशोर: बातों से ये ज़ख़्मे-जिगर कैसे सिल जाये
चाहे मेरी जान जाये चाहे मेरा दिल जाये
लता: हो ... पन्ना की तमन्ना है कि हीरा मुझे मिल जाये
चाहे मेरी जान जाये चाहे मेरा दिल जाये

film: Apna Ghar singer: Sona Thakur
lyrics: Dr. Iqbal music: Ravi

सारे जहाँ से अच्छा, हिन्दोस्तां हमारा
हम बुलबुले हैं इसकी, वो गुलसितां हमारा

गुरबत में हों अगर हम, रहता है दिल वतन में
समझो वहीं हमें भी, दिल हो जहाँ हमारा, सारे ...

पर्वत हो सबसे ऊँचा, हमसाया आसमाँ का
वो संतरी हमारा, वो पासवां हमारा, सारे ...

गोदी में खेलती हैं, जिसकी हज़ारों नदियां
गुलशन है जिसके दम से, रश्क-ए-जिनां हमारा
सारे ...

ऐ आब-ए-रौंद-ए-गंगा! वो दिन है याद तुझको
उतरा तेरे किनारे, जब कारवां हमारा, सारे ...

मजहब नहीं सिखाता, आपस में बैर रखना
हिन्दी हैं हम वतन हैं, हिन्दोस्तां हमारा, सारे ...

दीप जलाओ, दीप जलाओ,
आज दिवाली रे ।

आज दुकानें खूब सजी हैं
घर भी जगमग करते ।
झिलमिल-झिलमिल दीप जले हैं
कितने अच्छे लगते ।

आओ, नाचो, खुशी मनाओ, आज दिवाली रे ।
दीप जलाओ, दीप जलाओ, आज दिवाली रे ।

film: Teen Deviyan singer: Kishore, Asha
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: S.D. Burman

किशोर: अरे यार मेरी तुम भी हो गज़ब, घूंघट तो ज़रा ओढ़ो
अहा मानो कहा अब तुम हो जवां,
मेरी जान लड़कपन छोड़ो
आशा: जब मेरी चुनरिया मलमल की,
फिर क्यूँ न फिरूँ झलकी-झलकी
किशोर: अरे यार मेरी तुम भी हो गज़ब ...

आशा: (कोई जो मुझको हाथ लगाएगा,
हाथ न उसके आऊंगी
मै तेरे मन की लाल परी हूँ रे,
मन में तेरे उड़ जाऊंगी) - २
किशोर: तुम परी तो ज़रूर हो, पर बड़ी मशहूर हो
आशा: जब मेरी चुनरिया मलमल की ...
किशोर: अरे यार मेरी तुम भी हो गज़ब ...

आशा: (देखके तरसे लाख ये भंवरे, और इन्हें तरसाऊंगी
तेरी गली की एक कली हूँ,
तेरे गले लग जाऊंगी) - २
किशोर: तुम कली तो ज़रूर हो, पर बड़ी मशहूर हो
आशा: जब मेरी चुनरिया मलमल की ...
किशोर: अरे यार मेरी तुम भी हो गज़ब ...

आशा: (डालके घुंघटा रूप को अपने, और नहीं मैं छुपाऊंगी
सुंदरी बनके तेरी बलमवा,
आज तो मैं लहराऊंगी)- २
किशोर: सुंदरी तो ज़रूर हो, पर बड़ी मशहूर हो
आशा: जब मेरी चुनरिया मलमल की ...
किशोर: अरे यार मेरी तुम भी हो गज़ब ...
आशा: जब मेरी चुनरिया मलमल की ...
किशोर **(whispers):** अरे यार मेरी तुम भी हो गज़ब ...

film: Teen Deviyan singer: Kishore, Lata
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: S.D. Burman

लता: लिखा है तेरी आँखों में, किसका अफ़साना - २
किशोर: अगर इसे समझ सको, मुझे भी समझाना
लिखा है तेरी आँखों में, किसका अफ़साना ...

लता: जवाब था किसी तमन्ना का,
लिखा तो है मगर अधूरा सा
अरे ओ ओ ओ ओ
जवाब था किसी तमन्ना का,
लिखा तो है मगर अधूरा सा
किशोर: कैसी न हो मेरी हर बात अधूरी,
अभी हूँ आधा दिवाना
लता: लिखा है तेरी आँखों में, किसका अफ़साना
किशोर: अगर इसे समझ सको, मुझे भी समझाना
लता: लिखा है तेरी आँखों में, किसका अफ़साना

लता: जो कुछ नहीं तो ये इशारे क्यूँ,
ठहर गए मेरे सहारे क्यूँ
अरे ओ ओ ओ ओ
जो कुछ नहीं तो ये इशारे क्यूँ,
ठहर गए मेरे सहारे क्यूँ
किशोर: थोड़ा सा हसीनों का सहारा लेके चलना,
है मेरी आदत रोज़ाना
लता: लिखा है तेरी आँखों में, किसका अफ़साना
किशोर: अगर इसे समझ सको, मुझे भी समझाना
लता: लिखा है तेरी आँखों में, किसका अफ़साना

किशोर: यहाँ वहाँ फ़िज़ा में आवारा,
अभी तलक़ ये दिल है बेचारा
अरे ओ ओ ओ ओ
यहाँ वहाँ फ़िज़ा में आवारा,
अभी तलक़ ये दिल है बेचारा
लता: ओ ओ ... दिल को तेरे अब तक ना समझे,
तुझही को हमने पहचाना

बन कर फूल खिली हो, जाने किस बगियन में
मै अपनी किस्मत पे रोया,
पूछो मेरे दिल से, पूछो मेरे दिल से
तुम बिन जीवन ...

film: Khushboo singer: Kishore
lyrics: Gulzar music: R.D. Burman

ओ मांझी रे, अपना किनारा, नदिया की धारा है
ओ मांझी रे ...

साहिलों पे बहने वाले
कभी सुना तो होगा कहीं, ओ ...
हो, कागज़ों की कश्तियों का
कहीं किनारा होता नहीं
हो मांझी रे ... मांझी रे
कोई किनारा जो किनारे से मिले वो,
अपना किनारा है ...
ओ मांझी रे ...

पानियों में बह रहे हैं
कई किनारे टूटे हुए ओ ...
हो, रास्तों में मिल गए हैं
सभी सहारे छूटे हुए ...
कोइ सहारा मझधारे में मिले वो,
अपना सहारा है ...

ओ मांझी रे, अपना किनारा, नदिया की धारा है
ओ मांझी रे ...

film: Chhaaya singer: Lata, Manna Dey
lyrics: Shailendra music: Shankar, Jaikishan

दिल की गिरह खोल दो, चुप न बैठो, कोई गीत गाओ
आ आ आ आ, महफ़िल में अब कौन है अजनबी,
तुम मेरे पास आओ
दिल की गिरह खोल दो ...

मिलने दो अब दिल से दिल को, मिटने दो मजबूरियों को
शीशे में अपने डुबोदो, सब फ़ासलों दूरियों को
आँखों में मैं मुस्कुराऊं तुम्हारे, जो तुम मुस्कुराओ
आ आ आ आ, महफ़िल में अब कौन है अजनबी
तुम मेरे पास आओ ...

हम तुम न हम तुम रहें अब, कुछ और ही हो गए अब
सपनो के झिलमिल नगर में, जाने कहाँ खो गए अब
हम राह पूछें किसीसे, न तुम अपनी मंज़िल बताओ
आ आ आ आ, महफ़िल में अब कौन है अजनबी
तुम मेरे पास आओ ...

कल हमसे पूछे न कोई, क्या हो गया कल था तुम्हे कल
मुड़कर नहीं देखते हम, दिल ने कहा है चला चल
जो दूर पीछे कहीं रह गए अब उन्हें मत बुलाओ
आ आ आ आ, महफ़िल में अब कौन है अजनबी
तुम मेरे पास आओ ...

दीप जलाओ, दीप जलाओ,
आज दिवाली रे ।
खुशी-खुशी सब हंसते आओ,
आज दिवाली रे ।

मैं तो लूंगा खेल-खिलौने,
तुम भी लेना भाई
नाचो, गाओ, खुशी मनाओ,
आज दिवाली आई ।

आज पटाखे खूब चलाओ
आज दिवाली रे ।
दीप जलाओ, दीप जलाओ
आज दिवाली रे ।

नए-नए मैं कपड़े पहनूं,
खाऊं खूब मिठाई ।
हाथ जोड़कर पूजा कर लूं
आज दिवाली आई ।

खाओ मित्रों, खूब मिठाई,
आज दिवाली रे ।

film: Tere Ghar Ke Saamne singer: Rafi, Lata
lyrics: Hasrat Jaipuri music: S.D. Burman

(रफ़ी: देखो रूठा ना करो, बात नज़रों की सुनो
लता: हम न बोलेंगे कभी, तुम सताया ना करो) - २
रफ़ी: देखो रूठा ना करो

रफ़ी: चेहरा तो लाल हुआ, क्या क्या हाल हुआ
इस अदा पर तेरी, मैं तो पागल हुआ
तुम बिगड़ने जो लगो, और भी हंसीं लगो
लता: हम न बोलेंगे कभी, तुम सताया ना करो
रफ़ी: देखो रूठा ना करो

लता: जान पर मेरी बनी, आपकी ठहरी हंसी
हाय, मैं जान गई, प्यार की चिकनागरी (?)
दिल जलाने के लिये, ठंडी आहें न भरो
रफ़ी: देखो रूठा ना करो, बात नज़रों की सुनो
लता: हम न बोलेंगे कभी

रफ़ी: तेरी खुशबू ने मेरे, होश भी छीन लिये
हैं खुशी आज हमे, तेरे पहलू में गिरे
दिल की धड़कन पे ज़रा, फूल सा हाथ रखो
लता: हम न बोलेंगे कभी, तुम सताया ना करो
रफ़ी: देखो रूठा ना करो

लता: क्या कहेगा ये समा, इन राहों का धुँआ
लाज आए मुझे, मुझको लाए हो कहाँ
हम तुम्हे मान गए, तुम बड़े वो हो हटो
रफ़ी: देखो रूठा ना करो, बात नज़रों की सुनो
लता: हम न बोलेंगे कभी, तुम सताया ना करो
रफ़ी: देखो रूठा ना करो

film: Aandhi singer: Lata, Kishore
lyrics: Gulzar music: R. D. Burman

लता: तेरे बिना ज़िंदगी से कोई, शिकवा, तो नहीं,
शिकवा नहीं
शिकवा नहीं, शिकवा नहीं
तेरे बिना ज़िंदगी भी लेकिन, ज़िंदगी, तो नहीं,
ज़िंदगी नहीं, ज़िंदगी नहीं

(काश ऐसा हो तेरे कदमों से, चुन के मंज़िल चले
और कहीं दूर कहीं) - २
तुम गर साथ हो, मंज़िलों की कमी तो नहीं
तेरे बिना ज़िंदगी से कोई, शिकवा, तो नहीं, शिकवा नहीं

(जी में आता है, तेरे दामन में, सर छुपा के हम
रोते रहें, रोते रहें) - २
तेरी भी आँखों में, आँसुओं की नमी तो नहीं
किशोर: तेरे बिना ज़िंदगी से कोई, शिकवा, तो नहीं,
शिकवा नहीं
तेरे बिना ज़िंदगी भी लेकिन, ज़िंदगी, तो नहीं,
ज़िंदगी नहीं

तुम जो कह दो तो आजकी रात, चांद डूबेगा नहीं,
रात को रोक लो
रात कि बात है, और ज़िंदगी बाकी तो नहीं
तेरे बिना ज़िंदगी से कोई, शिकवा, तो नहीं, शिकवा नहीं
तेरे बिना ज़िंदगी भी लेकिन, ज़िंदगी, तो नहीं,
ज़िंदगी नहीं

film: Anita singer: Mukesh
lyrics: Raja Menhdi Ali Khan music: Laxmikant, Pyarelal

तुम बिन जीवन कैसे बीता,
पूछो मेरे दिल से, पूछो मेरे दिल से

सावन के दिन आए, बीती यादें लाए
कौन झुकाकर आँखें, मुझको पास बिठाए
कैसा था प्यारा रूप तुम्हारा,
पूछो मेरे दिल से, पूछो मेरे दिल से
तुम बिन जीवन ...

प्रेम का सागर हाय, चारों तरफ़ लहराए
जितना आगे जाऊँ, गहरा होता जाए
ग़म के भंवर में, क्या क्या डूबा,
पूछो मेरे दिल से, पूछो मेरे दिल से
तुम बिन जीवन ...

जैसे जुगनू बन में, तू चमके अंसुवन में

तेरे माथे पे शराफ़त की कोई मोहर नहीं
चंद होते हैं मुहब्बत के सुकून ही क्या हैं
जैसे माओं की मुहब्बत का कोई मोल नहीं
मेरे मासूम फ़रिश्ते तू अभी क्या जाने
तुझको किस-किसकी गुनाहों की सज़ा मिलनी है
दीन और धर्म के मारे हुए इंसानों की
जो नज़र मिलनी है तुझको वो खफ़ा मिलनी है
तेरे बचपन को जवानी ...

बेड़ियाँ लेके लपकता हुआ कानून का हाथ
तेरे माँ-बाप से जब तुझको मिली ये सौगात
कौन लाएगा तेरे वास्ते खुशियों की बारात
मेरे बच्चे तेरे अंजाम से जी डरता है
तेरी दुश्मन ही न साबित हो जवानी तेरी
खाक जाती है जिसे सोचके ममता मेरी
उसी अंजाम को पहुंचे न कहानी तेरी
तेरे बचपन को जवानी ...

film: Sone ki Chidiya singer: Asha Bhonsle
lyrics: Sahir Ludhianvi music: O.P. Nayyar

बेकस की तबाही के सामान हज़ारों हैं
दीपक तो अकेला है, तूफ़ान हज़ारों हैं

लाचार किया हमको लाचार किया हमको (?)
दुख दर्द जलन आँसू, क्या क्या ना दिया हमको
भगवान तेरे हमपर एहसान हज़ारों हैं
दीपक तो अकेला है, तूफ़ान हज़ारों हैं

सूरत से तो इन्सां हैं दुश्मन हैं मुहब्बत के
सब चोर हैं डाकू हैं माँ-बहनों की इज़्ज़त के
कहने को ज़माने में इन्सान हज़ारों हैं
दीपक तो अकेला है, तूफ़ान हज़ारों हैं

हमदर्द नहीं मिलता फिर आए जहाँ भर में
मोती की तरह प्यासे रोते हैं समन्दर में
अपना ही नहीं कोई अंजान हज़ारों हैं
दीपक तो अकेला है, तूफ़ान हज़ारों हैं

film: Bambai Ka Baabu singer: Rafi, Asha
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: S.D. Burman

आशा: आआ आ आ ...
प म ग म रे ग प म ग म, आआ आ ...
सा नी ध प म ग रे सा नी नी नी ...
दीवाना, मस्ताना, हुआ दिल,
जाने कहाँ होके बहार आई

तन को छुए, छुए घट काली
छेड़े लहर, लहर मतवाली
तन को छुए ...
ओ हो तन को छुए, चुए घट काली
छेड़े लहर, लहर मतवाली
बात कोई अन्जानाअ
दीवाना, मस्ताना, हुआ दिल,
जाने कहाँ होके बहार आई

ओ हो हो कुछ अनकही, कहे, मेरी चितवन
बोले जिया, लिखे मेरी धड़कन, कुछ अनकही ...
ओ हो हो कुछ अनकही, कहे, मेरे चितवन
बोले जिया, लिखे मेरी धड़कन
एक नया अफ़साना ...
रफ़ी: दीवाना, मस्ताना, हुआ दिल,
जाने कहाँ होके बहार आई
ओ ओ ओओ
जाने कहाँ होके बहार आई
रफ़ी: ओ हो ओ सावन लगा, मचल गए बादल
आशा: देखूँ जिसे, हुआ वही पागल
रफ़ी: सावन लगा, मचल गए बादल
आशा: देखूँ जिसे, हुआ वही पागल
रफ़ी: कौन हुआ दीवाना ...
आशा: दीवाना, मस्ताना हुआ दिल
रफ़ी: दीवाना मस्ताना हुआ दिल
आशा: जाने कहाँ होके बहार आई आ आ आ ...
रफ़ी: जाने कहाँ होके बहार आई
हो ओओ, जाने कहाँ होके बहार आई
आशा: आ आ आ, जाने कहाँ होके बहार आई

उठ के महफ़िल से मत चले जाना,
तुमसे रोशन ये कोना-कोना है

film: Phir Subah Hogi singer: Mukesh (and Asha)
lyrics: Sahir Ludhianvi music: Khayyam

वो सुबह कभी तो आयेगी, वो सुबह कभी तो आयेगी
इन काली सदियों के सर से, जब रात का आंचल ढलकेगा
जब अम्बर झूम के नाचेगी, जब धरती नग़मे गाएगी
वो सुबह कभी तो आयेगी ...

जिस सुबह की खातिर जुग-जुग से,
हम सब मर-मर के जीते हैं
जिस सुबह की अमृत की धुन में, हम ज़हर के प्याले पीते हैं
इन भूखी प्यासी रूहों पर, एक दिन तो करम फ़रमायेगी
वो सुबह कभी तो आयेगी ...

माना के अभी तेरे मेरे इन अरमानों की, कीमत कुछ नहीं
मिट्टी का भी है कुछ मोल मगर,
इनसानों की कीमत कुछ भी नहीं
इनसानों की इज्ज़त जब झूठे सिक्कों में ना तोली जायेगी
वो सुबह कभी तो आयेगी ...

दौलत के लिये अब औरत की, इस्मत को ना बेचा जायेगा
चाहत को ना कुचला जायेगा, गैरत को ना बेचा जायेगा
अपनी काली करतूतों पर, जब ये दुनिया शरमायेगी
वो सुबह कभी तो आयेगी ...

बीतेंगे कभी तो दिन आखिर, ये भूख और बेकारी के
टूटेंगे कभी तो बुत आखिर, दौलत की इजारेदारी की
अब एक अनोखी दुनिया की, बुनियाद उठाई जायेगी
वो सुबह कभी तो आयेगी ...

मजबूर बुढ़ापा जब सूनी, राहों में धूल न फेकेगा
मासूम लड़कपन जब गंदी, गलियों में भीख ना मांगेगा
हक मांगने वालों को, जिस दिन सूली न दिखाई जायेगी
वो सुबह कभी तो आयेगी ...

film: Kunvaaraa Baap singer: Kishore, Lata lyrics: music:

(Kishore)
आ री आ जा, निंदिया तू ले चल कहीं
उड़नखटोले में, दूर दूर दूर यहाँ से दूर

मेरा तो ये जीवन समा
मेरे यार बड़ा दुख दे
पर मुझको जहाँ में मिला
सुख कौन बड़ा तुझसे
तेरे लिये मेरी जाँ, ज़हर हज़ार, मैं पी लूंगा
तज दूंगा दुनिया, एक तेरे, संग जी लूंगा
खूब (?) नज़र के नूर

(Kishore and Lata)
आ री आ जा, निंदिया तू ले चल कहीं
उड़नखटोले में, दूर दूर दूर यहाँ से दूर

ये सच है कि मैं अगर
सुख चैन दिलाता हूँ
तेरी दुनिया से मैं फिर कहीं
कब दूर चला जाऊँ
नहीं मेरे **daddy,** ऐसी बात, फिर से ना कहना
रह जाना जब तू (?)
फिर मुझको भी नहीं रहना
ना जा तू हमसे दूर

film: Mujhe Jeene Do singer: Lata
lyrics: Sahir Ludhianvi music: Jaidev

तेरे बचपन को जवानी की दुआ देती हूँ
और दुआ देके परेशान सी हो जाती हूँ

मेरे मुन्ने मेरे गुलज़ार के नन्हे पौधे
तुझको हालत की आंधी से बचाने के लिये
आज मैं प्यार के आंचल में छुपा लेती हूँ
कल ये कमज़ोर सहारा भी न हासिल होगा
कल तुझे कांटों भरी राहों पे चलना होगा
ज़िंदगानी की कड़ी धूप में जलना होगा
तेरे बचपन को जवानी ...

film: Mera Saaya singer: Lata
lyrics: Raja Mehdi Ali Khan music: Madan Mohan

तू जहाँ जहाँ चलेगा, मेरा साया, साथ होगा
मेरा साया, मेरा साया

कभी मुझको याद करके, जो बहेंगे तेरे आँसू
तो वहीं पे रोक लेंगे, उन्हें आके मेरे आँसू
तू जिधर का रुख करेगा, मेरा साया, साथ होगा ...

तू अगर उदास होगा, तो उदास हूंगी मैं भी
नज़र आऊँ या ना आऊँ, तेरे पास हूंगी मैं भी
तू कहीं भी जा रहेगा, मेरा साया, साथ होगा ...

मैं अगर बिछड़ भी जाऊँ, कभी मेरा ग़म न करना
मेरा प्यार याद करके, कभी आँख नम न करना
तू जो मुड़के देख लेगा, मेरा साया, साथ होगा ...

मेरा ग़म रहा है शामिल, तेरे दुख में, तेरे ग़म में
मेरे प्यार ने दिया है, तेरा साथ हर जनम में
तू कोई जनम भी लेगा, मेरा साया साथ होगा ...

film: singer: Kishore lyrics: music: Jaidev

ये वही गीत है, जिसको मैने, धड़कन में बसाया है
तेरे होंठों से इसको चुराकर, होंठों पे सजाया है
ये वही गीत है, ये वही गीत है

मैने ये गीत जब गुन-गुनाया,
सज गई है खयालों की महफ़िल
(प्यार के रंग आँखों में छाये,
मुस्कुराई उजालों की महफ़िल) - २
ये वो नग़मा है जो ज़िंदगी में, रोशनी बनके आया है
तेरे होंठों से इसको चुराकर ...

मेरे दिल ने यही गीत गाकर, जब कभी तुझको आवाज़ दी है
फूल ज़ुल्फ़ों में अपनी सजाकर, तू मेरे सामने आ गई है - २
तुझे अक़्सर मेरी बेखुदी ने, सीने से लगाया है
तेरे होंठों से इसको चुराकर ...

film: Baton Baton Mein singer: Asha
lyrics: music: Rajesh Roshan

उठे सबके कदम, तरा रम-पम-पम
अजी ऐसे गीत गाया करो
कभी खुशी कभी ग़म, तरा रम-पम-पम
हंसों और हंसाया करो

वो प्यारे दिन और वो प्यारी रातें
याद हमे हैं वो मुलाकातें
नहीं कोई ग़म मुझे नहीं है गिला
ज़िंदगी की राह में मिला है जबसे तू मेरे हमदम
शबनम हम हैं और तुम शोला बन जाया करो
कभी खुशी ...

रंग नया है रूप नया है
जीने का तो जाने कहाँ ढंग गया है
किसे है फ़िकर इन्हें क्या पसंद
प्यार के जहाँ में रज़ामंद जब हम तुम तुम हम
बन गए हैं सनम बेधड़क मेरे घर आया करो
कभी खुशी ...

ला ला ...

कुछ न कुछ तो ज़रूर होना है,
सामना आज उनसे होना है

तोड़ो, फेंकों, रक्खो, करो कुछ भी,
दिल हमारा है, क्या खिलौना है

ज़िंदगी और मौत का मतलब,
तुमको पाना है, तुमको खोना है

इतना डरना भी क्या है दुनिया से,
जो भी होना है सो तो होना है

film: Jaanvar singer: Rafi
lyrics: Shailendra music: Shankar, Jaikishan

लाल छड़ी मैदान खड़ी, क्या खूब लड़ी, क्या खूब लड़ी
हम दिल से गए, हम जाँ से गए
बस आँख मिली और बात बढ़ी

(वो तीखे तीखे दो नैना, उस शोक से आँख मिलाना था
देदे के क़यामत को दावत, एक आफ़त से टकराना था) -२
मत पूछो हम पर क्या गुज़री,
बिजली सी गिरी और दिल पे पड़ी
हम दिल से गए, हाय, हम जाँ से गए ...

(तन तनकर ज़ालिम ने अपना, हर तीर निशाने पर मारा
(है शुक्र की अब तक ज़िंदा हूँ,
मैं दिल का घायल बेचारा) -२
उसे देखके लाल दुपट्टे में,
मैने नाम दिया है लाल छड़ी
हम दिल से गए, हाय, हम जाँ से गए ...

(हम को भी ना जाने क्या सूझी,
जा पहुंचे उसकी टोली में
(हर बात में उसकी था वो असर,
जो नहीं बंदूक की गोली में) -२
अब क्या होगा, अब क्या कीजे,
हर एक घड़ी मुश्किल की घड़ी
हम दिल से गए, हाय, हम जाँ से गए ...

film: Teesari Kasam singer: Mukesh
lyrics: Shailendra music: Shankar, Jaikishan

(दुनिया बनाने वाले, क्या तेरे मन में समाई
काहेको दुनिया बनाई, तूने काहेको दुनिया बनाई) - २

काहे बनाए तूने माटी के पुतले,
धरती ये प्यारी प्यारी मुखड़े ये उजले
काहे बनाया तूने दुनिया का खेला - २
जिसमें लगाया जवानी का मेला
गुप-चुप तमाशा देखे, वाह रे तेरी खुदाई
काहेको दुनिया बनाई, तूने काहेको दुनिया बनाई ...

तू भी तो तड़पा होगा मन को बनाकर,
तूफ़ां ये प्यार का मन में छुपाकर
कोई छवि तो होगी आँखों में तेरी - २
आँसू भी छलके होंगे पलकों से तेरी
बोल क्या सूझी तुझको, काहेको प्रीत जगाई
काहेको दुनिया बनाई, तूने काहेको दुनिया बनाई ...

प्रीत बनाके तूने जीना सिखाया, हंसना सिखाया,
रोना सिखाया
जीवन के पथ पर मीत मिलाए - २
मीत मिलाके तूने सपने जगाए
सपने जगाके तूने, काहे को दे दी जुदाई
काहेको दुनिया बनाई, तूने काहेको दुनिया बनाई ...

film: Teesri Kasam singer: Mukesh
lyrics: Shailendra music: Shankar, Jaikishan

सजन रे झूठ मत बोलो, खुदा के पास जाना है
न हाथी है ना घोड़ा है, वहाँ पैदल ही जाना है

तुम्हारे महल चौबारे, यहीं रह जाएंगे सारे - २
अकड़ किस बात कि प्यारे
अकड़ किस बात कि प्यारे, ये सर फिर भी झुकाना है
सजन रे झूठ मत बोलो, खुदा के पास जाना है ...

भला कीजै भला होगा, बुरा कीजै बुरा होगा - २
बही लिख लिख के क्या होगा
बही लिख लिख के क्या होगा, यहीं सब कुछ चुकाना है
सजन रे झूठ मत बोलो, खुदा के पास जाना है ...

लड़कपन खेल में खोया, जवानी नींद भर सोया - २
बुढ़ापा देख कर रोया
बुढ़ापा देख कर रोया, वही किस्सा पुराना है
सजन रे झूठ मत बोलो, खुदा के पास जाना है
न हाथी है ना घोड़ा है, वहाँ पैदल ही जाना है
सजन रे झूठ मत बोलो, खुदा के पास जाना है ...

प्यार पूजा प्रार्थना तो एक साथ रहना चाहे
साथ अगर साथ ना दे, संग आ जाती आहें
अब यही है तूफ़ान मेरा ...

ITRANS Song Book: 435.s

film: Manzil singer: Lata or Kishore
lyrics: music: R.D. Burman

(Lata Mangeshkar)
रिम-झिम गिरे सावन, सुलग सुलग जाए मन
भीगे आज इस मौसम में, लगी कैसी ये अगन
रिम-झिम गिरे सावन ...

पहले भी यूँ तो बरसे थे बादल,
पहले भी यूँ तो भीगा था आंचल
अब के बरस क्यूँ सजन, सुलग सुलग जाए मन
भीगे आज इस मौसम में, लगी कैसी ये अगन
रिम-झिम गिरे सावन ...

इस बार सावन दहका हुआ है,
इस बार मौसम बहका हुआ है
जाने पीके चली क्या पवन, सुलग सुलग जाए मन
भीगे आज इस मौसम में, लगी कैसी ये अगन
रिम-झिम गिरे सावन ...

(Kishore Kumar)
रिम-झिम गिरे सावन, सुलग सुलग जाए मन
भीगे आज इस मौसम में, लगी कैसी ये अगन
रिम-झिम गिरे सावन ...

जब घुंघरुओं सी बजती हैं बूंदे,
अरमाँ हमारे पलके न मूंदे
कैसे देखे सपने नयन, सुलग सुलग जाए मन
भीगे आज इस मौसम में, लगी कैसी ये अगन
रिम-झिम गिरे सावन ...

महफ़िल में कैसे कह दें किसी से,
दिल बंध रहा है किस अजनबी से
हाय करे अब क्या जतन, सुलग सुलग जाए मन
भीगे आज इस मौसम में, लगी कैसी ये अगन
रिम-झिम गिरे सावन ...

ITRANS Song Book: 436.s

film: Anarkali singer: Hemant Kumar
lyrics: Rajendra Krishan music: C. Ramachandra

ज़िंदगी प्यार की दो चार घड़ी होती है
चाहे थोड़ी भी हो ये उम्र बड़ी होती है

ताज या तख्त या दौलत हो ज़माने भर की
कौन सी चीज़ मुहब्बत से बड़ी होती है
ज़िंदगी ...

दो मुहब्बत भरे दिल खाक धड़कते हो जहाँ
सबसे लम्बी वो मुहब्बत की घड़ी होती है
ज़िंदगी ...

ITRANS Song Book: 437.s

film: Reshma aur Shera singer: Lata lyrics: music: Jaidev

तू चंदा मैं चांदनी, तू तरुवर मैं शाख रे
तू बादल मैं बिजुरी, तू पंछी मैं पात रे

ना सरोवर, ना बावड़ी, ना कोई ठंडी छांव
ना कोयल, ना पपीहरा, ऐसा मेरा गांव रे
कहाँ बुझे तन की तपन, ओ सैयां सिरमोल(?)
चंद्र-किरन तो छोड़ कर, जाए कहां चकोर
जाग उठी है सांवरे, मेरी कुआंरी प्यास रे
(पिया) अंगारे भी लगने लगे आज मुझे मधुमास रे

तुझे आंचल मैं रखूंगी ओ सांवरे
काली अलकों से बाँधूंगी ये पांव रे
चल बैयाँ वो डालूं की छूटे नहीं
मेरा सपना साजन अब टूटे नहीं
मेंहदी रची हथेलियाँ, मेरे काजर-वाले नैन रे
(पिया) पल पल तुझे पुकारते, हो हो कर बेचैन रे

ओ मेरे सावन साजन, ओ मेरे सिंदूर
साजन संग सजनी बनी, मौसम संग मयूर
चार पहर की चांदनी, मेरे संग बिठा
अपने हाथों से पिया मुझे लाल चुनर उढ़ा
केसरिया धरती लगे, अम्बर लालम-लाल रे
अंग लगा कर साहिब रे, कर दे मुझे निहाल रे

film: Dil Diya Dard Liya singer: Lata
lyrics: Shakeel Badayuni music: Naushad

फिर तेरी कहानी याद आई फिर तेरा फ़साना याद आया
फिर आज हमारी आँखों को
फिर आज हमारी आँखों को, एक ख़्वाब पुराना याद आया
फिर तेरी कहानी याद आई ...

जलते हैं चिरागों की सूरत
हर शाम तेरी हम यादों में
जब सुबह को शबनम रोती है
खो जाते हैं हम फ़रियादों में - २
जब दिल ने कोई आवाज़ सुनी
जब दिल ने कोई आवाज़ सुनी, तेरा ही तराना याद आया
फिर तेरी कहानी याद आई ...

शायद कभी मिलना हो जाए
बैठें हैं इसी अरमान में हम
तूने तो किनारे पा ही लिये
उलझे हैं मगर तूफ़ान में हम
ऐ जान-ए-वफ़ा फिर आज हमें
ऐ जान-ए-वफ़ा फिर आज हमें,
पिछला वो ज़माना याद आया
फिर तेरी कहानी याद आई ...

film: Kashmir Ki Kali singer: Rafi
lyrics: S.H. Bihari music: O.P. Nayyar

ये चांद सा रोशन चेहरा, ज़ुल्फ़ों का रंग सुनहरा
ये झील सी नीली आँखें, कोई राज़ है इनमें गहरा
तारीफ़ करूँ क्या उसकी, जिसने तुम्हें बनाया
तारीफ़ करूँ क्या उसकी, जिसने तुम्हें बनाया ...

एक चीज़ क़यामत सी है, लोगों से सुना करते थे
तुम्हे देखके मैने माना, वो ठीक कहा करते थे
वो ठीक कहा करते थे
है चाल में तेरी ज़ालिम, कुछ ऐसी बला का जादू
सौ बार सम्भाला दिल को, पर होके रहा बेकाबू
तारीफ़ करूँ क्या उसकी, जिसने तुम्हें बनाया ...

हर सुबह किरन की लाली, है रंग तेरे गालों का
हर शाम की चादर काली, साया है तेरे बालों का
साया है तेरे बालों का
तू बलखाती एक नदिया, हर मौज तेरी अंगड़ाई
जो इन मौजों में डूबा, उसने ही दुनिया पाई
तारीफ़ करूँ क्या उसकी, जिसने तुम्हें बनाया ...

मैं खोज में हूँ मंज़िल के, और मंज़िल पास है मेरे
मुखड़े से हटा दो आंचल, हो जाएं दूर अंधेरे
हो जाएं दूर अंधेरे
माना के ये जलवे तेरे, कर देंगे मुझे दीवाना
जी भर के ज़रा मैं देखूँ, अंदाज़ तेरा मस्ताना
तारीफ़ करूँ क्या उसकी, जिसने तुम्हें बनाया ...

film: Kaadambari singer: Asha lyrics: music:

अम्बर की एक पाक सुराही, बादल का एक जाम उठा कर
घूंट चांदनी पी है हमने, बात कुफ़्र की की है हमने

कैसे इसका कर्ज़ चुकाएं मांग के अपनी मौत के हाथों
अमर की सूनि सी है हमने, बात कुफ़्र की ...

अपना इसमे कुछ भी नहीं है,
दो दिल जलते उसकी अमानत
उसको नहीं तो दी है हमने, बात कुफ़्र की ...

film: Aavishkaar singer: Asha
lyrics: Kapil Kumar music: Kanu Roy

नैना हैं प्यासे मेरे, प्यासा है प्रान मेरा
मैं हूँ एक बरखा के बिन जलता सा दिन
आशियां है सुनसान मेरा ...

मन की है लगन तन से, तन का है तीरथ दूजा
प्यासी रही मिलके उनसे, प्यास को ही मैने पूजा
ये ही तो है अभिमान मेरा ...

मौत है बेहतर इस हालत से, नाम है जिसका मजबूरी
कौन मुसाफ़िर तय कर पाया, दिल से दिल की ये दूरी
कांटों ही कांटों से गुज़रा, जो राही इस राह चला
देखके दुनिया की दीवाली ...

ITRANS Song Book: 428.s

film: Prince singer: Rafi
lyrics: Hasrat Jaipuri music: Shankar, Jaikishan

बदन पे सितारे लपेटे हुए,
ओ जाने तमन्ना किधर जा रही हो
ज़रा पास आओ तो चैन आ जाए,
ज़रा पास आओ तो चैन आ जाए

हमीं जब ना होंगे, तो ऐ दिलरुबा,
किसे देखकर, हाय, शरमाओगी
ना देखोगी फिर तुम कभी आइना,
हमारे बिना रोज़ घबराओगी
बदन पे सितारे लपेटे हुए ...

है बनने संवरने का जब ही मज़ा,
कोई देखने वाला आशिक़ तो हो
नहीं तो ये जलवे हैं बुझते दिये,
कोई मिटने वाला एक आशिक़ तो हो
बदन पे सितारे लपेटे हुए ...

मुहब्बत कि ये इंतहा हो गई,
कि मस्ती में तुमको खुदा कह गया
ज़माना ये इंसाफ़ करता रहे,
बुरा कह गया या भला कह गया
बदन पे सितारे लपेटे हुए ...

ITRANS Song Book: 429.s

film: Anubhav singer: Manna Dey
lyrics: Kapil Kumar music: Kanu Roy

फिर कहीं कोई फूल खिला, चाहत ना कहो उसको - २
फिर कहीं कोई दीप जला, मंज़िल ना कहो उसको
फिर कहीं ...

मन का समुंदर प्यासा हुआ, क्यूँ किसी से मांगे दुआ - २
लहरों का लगा जो मेला, तूफ़ां ना कहो उसको
फिर कहीं ...

देखें सब वो सपने, खुद ही सजाए जो हमने - २
दिल उनसे बहल जाए तो, राहत ना कहो उसको
फिर कहीं ...

ITRANS Song Book: 430.s

film: Baiju Bawra singer: Rafi
lyrics: Shakeel Badayuni music: Naushad

भगवान, भगवान ... भगवान
ओ दुनिया के रखवाले, सुन दर्द भरे मेरे नाले
सुन दर्द भरे मेरे नाले
आश निराश के दो रंगों से, दुनिया तूने सजाई
नय्या संग तूफ़ान बनाया, मिलन के साथ जुदाई
जा देख लिया हरजाई
ओ ... लुट गई मेरे प्यार की नगरी, अब तो नीर बहा ले
अब तो नीर बहा ले
ओ ... अब तो नीर बहा ले, ओ दुनिया के रखवाले ...

आग बनी सावन की बरसा, फूल बने अंगारे
नागन बन गई रात सुहानी, पत्थर बन गए तारे
सब टूट चुके हैं सहारे, ओ ... जीवन अपना वापस ले ले
जीवन देने वाले, ओ दुनिया के रखवाले ...

चांद को ढूंढे पागल सूरज, शाम को ढूंढे सवेरा
मैं भी ढूंढूं उस प्रीतम को, हो ना सका जो मेरा
भगवान भला हो तेरा, ओ ... क़िस्मत फूटी आस न टूटी
पांव में पड़ गए छाले, ओ दुनिया के रखवाले ...

महल उदास और गलियां सूनी, चुप-चुप हैं दीवारें
दिल क्या उजड़ा दुनिया उजड़ी, रूठ गई हैं बहारें
हम जीवन कैसे गुज़ारें, ओ ... मंदिर गिरता फिर बन जाता
दिल को कौन सम्भाले, ओ दुनिया के रखवाले ...

ओ दुनिया के रखवाले
रखवाले
रखवाले
रखवाले ...

दिल के झरोखे में ...

अब भी तेरे सुर्ख होठों के प्याले,
मेरे तसव्वुर में साक़ी बने हैं
अब भी तेरी ज़ुल्फ़ के मस्त साये,
बिरहा की धूप में साथी बने हैं
दिल के झरोखे में ...

मेरी मुहब्बत को ठुकरा दे चाहे,
मैं कोई तुझसे ना शिकवा करुंगा
आँखों में रहती हैं तस्वीर तेरी,
सारी उमर तेरी पूजा करुंगा
दिल के झरोखे में ...

film: Professor singer: Rafi, Lata
lyrics: Hasrat Jaipuri music: Shankar, Jaikishan

लता: आवाज़ देके हमें तुम बुलाओ
मोहब्बत में इतना ना हमको सताओ

अभी तो मेरी ज़िंदगी है परेशां
कहीं मर के हो खाक भी न परेशां
दिये की तरह से न हमको जलाओ
मोहब्बत में इतना ना हमको सताओ

रफ़ी: मैं सांसों के हर तार में छुप रहा हूँ
मैं धड़कन के हर राग में बस रहा हूँ
ज़रा दिल की जानिब निगाहें झुकाओ
मोहब्बत में इतना ना हमको सताओ

लता: ना होंगे अगर हम तो रोते रहोगे
सदा दिल का दामन भिगोते रहोगे
जो तुम पर मिटा हो उसे ना मिटाओ
मोहब्बत में इतना ना हमको सताओ

रफ़ी: आवाज़ देके हमें तुम बुलाओ
मोहब्बत में इतना ना हमको सताओ

film: Kaala Patthar singer: Lata, Rafi lyrics: music:

बाहों में तेरी, मस्ती के घेरे
सांसों में तेरी, खुशबू के डेरे
मस्ती के घेरों में, खुशबू के डेरे में, हम खोए जाते हैं

male : ख़्वाबों में जिसको, तनहा जवानी
बरसों से तकती थी, तू वही है
female : छूने से जिसको, सीने में मेरी
लौ जाग सकती थी, तू वही है
male : कुछ ख़्वाब मेरे, कुछ ख़्वाब तेरे
female : यूँ मिलते जाते हैं
दिल खिलते जाते हैं, लब गुन-गुनाते हैं
बाहों में तेरी ...

male : बिखरा के ज़ुल्फ़ें, झुक जाओ मुझपे
मिलने दो साया, तपते बदन को
female : मैने हमेशा, तेरी अमानत
समझा है मेरे, जानाज़ तन को
male : तू साथ मेरे, मैं साथ तेरे
female : रूहों के रूहों से
जिस्मों के जिस्मों से, सदियों के नाते हैं
बाहों में तेरी ...

film: Hariyali Aur Rasta singer: Mukesh, Lata
lyrics: Shailendra music: Shankar, Jaikishan

लाखों तारे आसमान में, एक मगर ढूंढे ना मिला
देखके दुनिया की दीवाली, दिल मेरा चुपचाप जला
दिल मेरा चुपचाप जला ...

क़िस्मत का है नाम मगर, काम है ये दुनिया वालों का
फूंक दिया है चमन हमारे ख़्वाबों और खयालों का
जी करता है खुद ही घोंट दें, अपने अरमानों का गला
देखके दुनिया की दीवाली ...

सौ-सौ सदियों से लम्बी ये ग़म की रात नहीं ढलती
इस अंधियारे के आगे अब ऐ दिल एक नहीं चलती
हंसते ही लुट गई चाँदनी, और उठते ही चाँद ढला
देखके दुनिया की दीवाली ...

हम हैं तुम्हारे तलबगार ओ जनाब-ए-आली
हमको तुमसे है प्यार ओ जनाब-ए-आली
मुकेश: नैन तुम्हारे मज़ेदार ओ जनाब-ए-आली

राह में पड़े हैं, हुज़ूर के गुलाम हैं - २
गीत मेरे सुन लो वफ़ा के पयाम हैं
हम हैं तुम्हारे तबेदार ओ जनाब-ए-आली
नैन तुम्हारे मज़ेदार ओ जनाब-ए-आली
आशा: हमको तुमसे है प्यार ओ जनाब-ए-आली

ITRANS Song Book: 421.s

film: Guide singer: Rafi
lyrics: Shailendra music: S.D. Burman

दिन ढल जाये हाय, रात ना जाय
तू तो न आए तेरी, याद सताये, दिन ढल जाये

प्यार में जिनके, सब जग छोड़ा, और हुए बदनाम
उनके ही हाथों, हाल हुआ ये, बैठे हैं दिल को थाम
अपने कभी थे, अब हैं पराये
दिन ढल जाये हाय ...

ऐसी ही रिम-झिम, ऐसी फ़ुवारें, ऐसी ही थी बरसात
खुद से जुदा और, जग से पराये, हम दोनों थे साथ
फिर से वो सावन, अब क्यूँ न आये
दिन ढल जाये हाय ...

दिल के मेरे तुम, पास हो कितनी, फिर भी हो कितनी दूर
तुम मुझ से मैं, दिल से परेशाँ, दोनों हैं मजबूर
ऐसे में किसको, कौन मनाये
दिन ढल जाये हाये ...

ITRANS Song Book: 422.s

film: Dil Diya Dard Liya singer: Rafi
lyrics: Shakeel Badayuni music: Naushad

कोई सागर दिल को बहलाता नहीं - २
बेखुदी में भी क़रार आता नहीं, कोई सागर ...

मैं कोई पत्थर नहीं इनसान हूँ - २
कैसे कह दूँ ग़म से घबराता नहीं
कोई सागर ...

कल तो सब थे कारवाँ के साथ साथ - २
आज कोई राह दिखलाता नहीं
कोई सागर ...

ज़िंदगी के आइने को तोड़ दो - २
इसमें अब कुछ भी नज़र आता नहीं
कोई सागर ...

ITRANS Song Book: 423.s

film: Kismat singer: Mahendra Kapoor
lyrics: S.H. Bihari music: O.P. Nayyar

लाखों है यहाँ दिल वाले, और प्यार नहीं मिलता
आँखों में किसी की वफ़ा का, इक़रार नहीं मिलता

महफ़िल महफ़िल जा देखा, हर दिल में समा कर देखा
हर साज़ पे गा कर देखा
दिल को कहीं चैन ना मिला - २
मैं तो दुनिया में प्यारे अकेला ही रहा
लाखों है यहाँ ...

इस दिल को कहाँ ले जाएं, कुछ आप अगर फ़रमाएं
तो आप के हम हो जाएं
कह दो हमें हंसके ज़रा - २
अजी जो कुछ भी दिल ने तुम्हारे है कहा
लाखों है यहाँ ...

ITRANS Song Book: 424.s

film: Brahmachari singer: Rafi
lyrics: Hasarat, Shailendra music: Shankar, Jaikishan

दिल के झरोखे में तुझको बिठाकर
यादों को तेरी मैं दुल्हन बनाकर
रखूंगा मैं दिल के पास, मत हो मेरी जाँ उदास

कल तेरे जलवे पराये भी होंगे,
लेकिन झलक मेरे ख्वाबों में होंगे
फूलों की डोली में होगी तू रुखसत,
लेकिन महक मेरी सांसों में होगी

निंदिया ना आये, निंदिया ना आये
रैना बीती जाये ...

किस सौतन ने रोकी डगरिया (२)
किस बैरन से लागी नज़रिया
निंदिया ना आये, निंदिया ना आये
रैना बीती जाये ...

बिरहा की मारी, प्रेम दीवानी (२)
तन मन प्यासा अंखियों में पानी
निंदिया ना आये, निंदिया ना आये
रैना बीती जाये ...

film: Amar Prem singer: Lata Mangeshkar
lyrics: Anand Bakshi music: R.D. Burman

बड़ा नटखट है रे कृष्ण-कन्हैया
का करे यशोदा मैय्या, हाँ ... बड़ा नटखट है रे

(ढूंढे री अंखियाँ उसे चारों ओर
जाने कहाँ छुप गया नंदकिशोर) - २
उड़ गया ऐसे जैसे पुरवय्या
का करे यशोदा मैय्या, हाँ ... बड़ा नटखट है रे

(आ तोहे मै गले से लगा लूँ
लागे ना किसी की नज़र मन मे छुपा लूँ) - २
धूप जगत है रे ममता है छैंया
का करे यशोदा मैय्या, हाँ ... बड़ा नटखट है रे

(मेरे जीवन का तू एक ही सपना
जो कोई देखे तोहे समझे वो अपना) - २
सब का है प्यारा, हो सब का है प्यारा बंसी-बजय्या
का करे यशोदा मैय्या, हाँ ... बड़ा नटखट है रे

film: Miss Mary singer: Lata, Asha
lyrics: Rajinder Krishan music: Hemant Kumar

लता: सखी री सुन बोले पपीहा उस पार - २
बोलत ऐसी मीठी बोली छेड़े मन के तार
(दोनो): सखी री सुन बोले पपीहा उस पार - २

लता: ग म प प म प ग म प नी सा नी प म ग म
प नी सा री सा नी प नी प म ग म ग री सा
आशा: प नी सा री सा नी प नी प म ग म ग री सा

लता: पी पी की जब तान सुनाए, बिरहन मन घबराए
आशा: पी पी की जब तान सुनाए, बिरहन मन घबराए
लता: भूली बतियाँ याद दिलाए
आशा: भूली बतियाँ याद दिलाए
(दोनो): पापी बारम्बार
सखी री सुन बोले पपीहा उस पार - २

लता: ग म ग सा नी सा द नी सा ग म प ग
आशा: ग म ग सा नी सा द नी सा ग म प ग
लता: प सा नी प री सा नी प
आशा: प नी सा री सा नी प नी प म ग म ग री सा

आशा: बैरी ऐसी धुन में बोले सुन सुन मनवा डोले
लता: बैरी ऐसी धुन में बोले सुन सुन मनवा डोले
आशा: कानों में अमृत रस घोले
लता: कानों में अमृत रस घोले
(दोनो): रह रह मधुर पुकार

(दोनो): सखी री सुन बोले पपीहा उस पार - २

film: Junglee singer: Mukesh, Asha
lyrics: Anand Bakshi music: Shankar, Jaikishan

मुकेश: नैन तुम्हारे मज़ेदार ओ जनाब-ए-आली - २
आशा: हमको तुमसे है प्यार ओ जनाब-ए-आली - २
मुकेश: नैन तुम्हारे मज़ेदार ओ जनाब-ए-आली

प्यार किया तुमसे क्या हमने गुनाह किया - २
आप के इशारों पे खुद को तबाह किया
बनते हैं हमही गुनहगार ओ जनाब-ए-आली
नैन तुम्हारे मज़ेदार ओ जनाब-ए-आली
आशा: हमको तुमसे है प्यार ओ जनाब-ए-आली

आप चाहे कुछ हो, निगाहों पे छा गये - २
मेरी ज़िंदगी में बहार बनके आ गये

film: Sahib, Biwi aur Ghulam singer: Geeta Dutt
lyrics: Shakeel Badayuni music: Hemant Kumar

दिये बुझे बुझे, नैना थके थके
पिया धीरे धीरे, चले आओ - ३

कोई दूर से आवाज़ दे चले आओ
चले आओ - ३

(रात रात भर इंतज़ार है
दिल दर्द से बेक़रार है) - २
साजन इतना तो ना तड़पाओ, चले आओ
चले आओ - ३
कोई दूर ...

(आस तोड़के मुख मोड़के
क्या पाओगे साथ छोड़के) - २
मेरे मन को अब यूँ ना इतना तरसाओ
चले आओ - ३
कोई दूर ...

film: Barsaat Ki Raat singer: Rafi
lyrics: Sahir music: Roshan

ज़िंदगी भर नहीं भूलेगी वो बरसात की रात
एक अंजान हसीना से मुलाकात की रात
ज़िंदगी भर नहीं भूलेगी ...

हाय वो रेशमी ज़ुल्फ़ों से बरसता पानी
फूल से गालों पे रुकने को तरसता पानी
दिल में तूफ़ान उठाते हुए
दिल में तूफ़ान उठाते हुए हालात की रात
ज़िंदगी भर नहीं भूलेगी ...

डर के बिजली से अचानक वो लिपटना उसका
और फिर शर्म से बलखाके सिमटना उसका
कभी देखी न सुनी ऐसी हो
कभी देखी न सुनी ऐसी तिलिस्मात कि रात
ज़िंदगी भर नहीं भूलेगी ...

सुर्ख आंचल को दबाकर जो निचोड़ा उसने
दिल पे जलता हुआ एक तीर सा छोड़ा उसने
आग पानी में लगाते हुए
आग पानी में लगाते हुए जज़बात कि रात
ज़िंदगी भर नहीं भूलेगी ...

मेरे नग़मों में जो बसती है वो तस्वीर थी वो
नौजवानी के हसीं ख़्वाब की ताबीर थी वो
आस्मनों से उतर आई थी जो रात की रात
ज़िंदगी भर नहीं भूलेगी ...

film: Abhimaan singer: Lata Mangeshkar
lyrics: Majrooh music: S.D. Burman

पिया बिना ... पिया बिना पिया बिना, बसिया
बाजे ना बाजे ना बाजे ना, पिया बिना ...

पिया ऐसे रूठे, के होंठों से मेरे, संगीत रूठा (२)
कभी जब मैं गाऊँ, लगे मेरे मन का, हर गीत झूठा
ऐसे बिछड़े, हो ... ऐसे बिछड़े मोसे रसिया
पिया बिना ... पिया बिना पिया बिना, बसिया
बाजे ना बाजे ना बाजे ना, पिया बिना ...

तुम्हारी सदा बिन, नहीं एक सूनी, मोरी नगरिया (२)
के चुप है पपीहा, मयुर बोल भूले, बन मे साँवरिया
दिन है सूना, आ ... दिन है सूना सूनी रतिया
पिया बिना ... पिया बिना पिया बिना, बसिया
बाजे ना बाजे ना बाजे ना, पिया बिना ...

film: Amar Prem singer: Lata Mangeshkar
lyrics: Anand Bakshi music: R.D. Burman

रैना बीती जाये, श्याम ना आये (२)
निंदिया ना आये, निंदिया ना आये
रैना बीती जाये ...

शाम को भूला, श्याम का वादा (२)
संग दिये के, बैठी(?) राधा

बादल में अब छुप जा रे ओ चंदा
मै उनसे प्यार कर ...
मुकेश: दम भर जो उधर मुँह फेरे
दम भर जो उधर मुँह फेरे, ओ चंदा
मै उनसे प्यार कर लूंगा, नज़रें तो चार कर लूंगा

मै चोर हूँ काम है चोरी - २
दुनिया में हूँ बदनाम
दिल को चुराता आया हूँ मै
येही मेरा काम, हो ... येही मेरा काम
आना तू गवाही देने ओ चंदा
मै उनसे प्यार कर लूंगा, नज़रें तो चार कर लूंगा

लता: दिल को चुराके खो मत जाना - २
राह न जाना भूल
इन कदमों से कुचल ना देना
मेरे दिल का फूल, हो ... मेरे दिल का फूल
ये बात उन्हें समझा दे ओ चंदा
मै उनसे प्यार कर लूंगी ...

film: Anubhav singer: Geeta Dutt
lyrics: Gulzar music: Kanu Roy

मेरी जाँ, मुझे जाँ न कहो मेरी जाँ
मेरी जाँ, मेरी जाँ
मुझे जाँ न कहो मेरी जाँ
मेरी जाँ, मेरी जाँ

(जाँ न कहो अंजान मुझे
जान कहाँ रहती है सदा) - २
अंजाने, क्या जाने
जान के जाए कौन भला
मेरी जाँ
मुझे जाँ न कहो मेरी जाँ ...

सूखे सावन बरस गए
(missing...)
दो बूंदे न बरसें
इन भीगी पलकों से
मेरी जाँ
मुझे जाँ न कहो मेरी जाँ ...

होंठ झुके जब होंठों पर
(missing...)

film: China Town singer: Rafi lyrics: music: Ravi

बार बार देखो, हज़ार बार देखो
के देखने की चीज़ हैं, हमारा दिलरुबा, टाली हो
टाली हो, टाली हो

(हाँ जी हाँ, और भी होंगे दिलदार यहाँ
लाखों दिलों की बहार हैं
पर ये बात कहाँ) - २
ये बेमिसाल हुस्न, लाजवाब ये आदा, टाली हो
टाली हो, टाली हो

(दिल मिला, एक जाने महफ़िल मिला
या चिराग़े मंज़िल मिला
ये न पूछो के कहाँ) - २
नया नया ये आशिक़ी का राज़ है मेरा, टाली हो
टाली हो, टाली हो

(बल्ले बल्ले, उठके मिस्टर क्यूँ चले
प्यार पे मेरे कहो क्यूँ जले
बैठ भी जाओ मेहरबाँ) - २
दुआ कोई मिले तुम्हें भी ऐसा दिलरुबा, टाली हो
टाली हो, टाली हो

तुम्ही हो माता, पिता तुम्ही हो, तुम्ही हो बंधु सखा तुम्ही हो

तुम्ही हो साथी तुम्ही सहारे, कोई न अपना सिवा तुम्हारे
तुम्ही हो नय्या तुम्ही खिवय्या, तुम्ही हो बंधु सखा तुम्ही हो

जो खिल सके ना वो फूल हम हैं, तुम्हारे चरनों की धूल हम हैं
दया की दृष्टि सदा ही रखना, तुम्ही हो बंधु सखा तुम्ही हो

झूमे फ़िज़ा ...
ये गलियाँ बन जाये फूलों की गलियाँ

Kishore : (छोड़ो सनम काहे का ग़म
हंसते रहो खिलते रहो) -२
मिट जायेगा सारा गिला, हमसे गले मिलते रहो

ITRANS Song Book: 408.s

film: Kashmir ki Kali singer: Rafi, Asha
lyrics: S.H. Bihari music: O.P. Nayyar

रफ़ी: ओ हो हो, ओ हो हो, आ हा हा
mmmm , ये देखके दिल झूमा, ली प्यार ने अंगड़ाई
दीवाना हुआ बादल
सावन की घटा छाई
ये देखके दिल झूमा, ली प्यार ने अंगड़ाई
दीवाना हुआ बादल

ऐसी तो मेरी तक़दीर न थी
तुमसा जो कोई महबूब मिले
(दिल आज खुशी से पागल है) - २
(ऐ जानेवफ़ा तुम खूब मिले) - २
दिल क्यूँ ना बने पागल, क्या तुमने अदा पाई
ये देखके दिल झूमा, ली प्यार ने अंगड़ाई
दीवाना हुआ बादल

आशा: जब तुमसे नज़र टकराई सनम
जज़बात का एक तूफ़ान उठा
(तिनके की तरह मैं बह निकली) - २
(सैलाद मेरे रोके न रुका) - २
जीवन में मची हलचल
और बजने लगी शहनाई
ये देखके दिल झूमा, ली प्यार ने अंगड़ाई
रफ़ी: दीवाना हुआ बादल

है आज नये अरमानों से, आबाद मेरी दिल की नगरी
(बरसों से फ़िज़ाँ का मौसम था) - २
(वीरान बड़ी दुनिया थी मेरी) - २
हाथों में तेरा आँचल, आया जो बहार आई
ये देखके दिल झूमा, ली प्यार ने अंगड़ाई

आशा: दीवाना हुआ बादल, सावन कि घटा छाई
ये देखके दिल झूमा, ली प्यार ने अंगड़ाई
रफ़ी: दीवाना हुआ बादल, सावन की घटा छाई
ये देखके दिल झूमा, ली प्यार ने अंगड़ाई,
दीवाना हुआ बादल

ITRANS Song Book: 409.s

film: Sahib, Biwi aur Gulaam singer: Geeta Dutt
lyrics: Shakeel Badayuni music: Hemant Kumar

(पिया ऐसो जिया में समाय गयो रे
कि मैं तन मन की सुध बुध गवाँ बैठी) - २
हर आहट पे समझी वो आय गयो रे
झट घूंघट में मुखड़ा छुपा बैठी
पिया ऐसो जिया में समाय गयो रे ...

(मोरे अंगना में जब पुरवय्या चली
मोरे द्वारे की खुल गई किवाड़ियां) - २
ओ दैया! द्वारे की खुल गई किवाड़ियां
मैने जाना कि आ गये सांवरिया मोरे - २
झट फूलन की सेजिया पे जा बैठी
पिया ऐसो जिया में समाय गयो रे ...

(मैने सिंदूर से मांग अपनी भरी
रूप सैयाँ के कारण सजाया) - २
ओ मैने सैयाँ के कारण सजाया
इस दर से किसी की नज़र न लगे - २
झट नैनन में कजरा लगा बैठी
पिया ऐसो जिया में समाय गयो रे ...

ITRANS Song Book: 410.s

film: Aawaara singer: Lata Mangeshkar, Mukesh
lyrics: Shailendra music: Shankar, Jaikishan

लता: दम भर जो उधर मुँह फेरे
दम भर जो उधर मुँह फेरे, ओ चंदा
मै उनसे प्यार कर लूंगी, बातें हज़ार कर लूंगी

दिल करता है प्यार के सजदे - २
और मैं भी उनके साथ
चांद को चंदा रोज़ ही देखे
मेरी पहली रात, हो ... मेरी पहली रात

सदा उसे रखना पलकों पे तू बिठाके
इतना सुख देना जीवन में ना समाय
यूँ रस बरसाना आंगन में न समाय
मुझे खुशी मिली इतनी ...

ITRANS Song Book: 405.s

film: Thodi Si Bewafai singer: Kishore, Lata
lyrics: Gulzar music: Khaiyyam

किशोर: आँखों में हमने आप के सपने सजाये हैं - २
पलकें उठा के आप ने जादू जगाये हैं
लता: सपना भी आप ही हैं हक़ीक़त भी आप हैं - २
बस आप आप आप ही मुझमें समाये हैं
किशोर: आँखों में हमने आप के सपने सजाये हैं

किशोर: आँखों का रंग ढूँढा हैं हीरे तलाश कर
दिल में सजायेंगे ये रंग यूँ ही उम्र भर
मुश्किल से ज़िंदगी के
मुश्किल से ज़िंदगी के, रंग हाथ आये हैं
आँखों में हमने आप के सपने सजाये हैं

लता: दोहराये जायेंगे ना ये लमहात अब कभी
सपनों में भी न छूटेगा ये साथ अब कभी
मिलती हैं ज़िंदगी जब आप मुस्कुराये हैं - २

लता: ये दिल कुछ ऐसे आप के सजदे में झुक गया
किशोर: नज़रे उठायी आप ने तो वक़्त रुक गया
लता: ठहरे हुए पलो में
ठहरे हुए पलो में, ज़माने बिठाये हैं
किशोर: आँखों में हमने आप के सपने सजाये हैं
लता: आ आ बस आप आप आप ही मुझ में समाये हैं
किशोर, लता: आँखों में हमने आप के सपने सजाये हैं

ITRANS Song Book: 406.s

film: Swayamvar singer: Rafi, Lata
lyrics: Gulzar music: Rajesh Roshan

रफ़ी: मुझे छू रही हैं तेरी गर्म साँसें
मेरे रात और दिन महकने लगे हैं
लता: तेरी नर्म साँसों ने ऐसे छुआ हैं
के मेरे तो पाओं बहकने लगे हैं

रफ़ी: लबों से अगर तुम बुला ना सको तो
निगाहों से तुम नाम लेकर बुला लो
लता: तुम्हारी निगाहें बहुत बोलती हैं
ज़रा अपनी आँखों पे पलके गिरा दो
रफ़ी: मुझे छू रही हैं तेरी गर्म साँसें
मेरे रात और दिन महकने लगे हैं

रफ़ी: पता चल गया है के मंज़िल कहाँ है
चलो दिल के लम्बे सफ़र पे चलेंगे
लता: सफ़र खत्म कर देंगे हम तो वहीं पर
जहाँ तक तुम्हारे कदम ले चलेंगे
रफ़ी: मुझे छू रही हैं तेरी गर्म साँसें
मेरे रात और दिन महकने लगे हैं
लता: तेरी नर्म साँसों ने ऐसे छूआ हैं
के मेरे तो पाओं बहकने लगे हैं

ITRANS Song Book: 407.s

film: Kudrat singer: Kishore, Anette
lyrics: Majrooh music: R.D. Burman

Anette : (छोड़ो सनम काहे का ग़म
हंसते रहो खिलते रहो) -२
मिट जायेगा सारा गिला, हमसे गले मिलते रहो
छोड़ो सनम काहे का ग़म, हंसते रहो खिलते रहो
ला ला ला ला ... ला ला ला ला ...

Kishore : (छोड़ो सनम काहे का ग़म
हंसते रहो खिलते रहो) -२
मिट जायेगा सारा गिला, हमसे गले मिलते रहो
छोड़ो सनम काहे का ग़म, हंसते रहो खिलते रहो

मुस्कुराती हसीन आँखों से
देखो देखो समा बदलता है कैसे
जानेजहाँ ...
चेहरे की रंगत खुल जाती है ऐसे

Kishore : (छोड़ो सनम काहे का ग़म
हंसते रहो खिलते रहो) -२

आओ मिलकर के यूँ बहक जाएं
कि महक जाये आज होंठों की कलियाँ

film: Guide singer: Lata
lyrics: Shailendra music: S.D. Burman

पिया तोसे नैना लागे रे, नैना लागे रे
जाने क्या हो अब आगे रे, नैना लागे रे
पिया तोसे नैना लागे रे, नैना लागे रे

हो, जग ने उतारे हो, धरती पे तारे,
पर मन मेरा मुरझाये
हो, उन बिन आई हो, ऐसी दीवाली
मिलनेको जिया तरसाये, आ साजन पायल पुकारे
झनक झन झन झनक झन झन, पिया तोसे
पिया तोसे नैना ...

भोर की बेला सुहानी, नदिया के तीरे
भर के गागर जिस घड़ी मैं चलूँ धीरे धीरे
तुम पे नज़र जब आई, जाने क्यूँ बज उठे कंगना
छनक छन छन छनक छन छन, पिया तोसे
पिया तोसे नैना ...

हो, आ, हो, आई होली आई हो, सब रंग लाई
बिन तेरे होली भी न भाए, हो
भर पिचकारी, हो, सखियों ने मारी
भीगी मोरी सारी हय हय,
तन-बदन मेरा कांपे थर-थर
धिनक धिन धिन धिनक धिन धिन, पिया तोसे
पिया तोसे नैना ...

रात को जब चाँद चमके जल उठे तन मेरा
मैं कहूं मत करो चंदा इस गली का फेरा
आना मेरा सैयाँ जब आए
चमकना उस रात को जब
मिलेंगे तन-मन मिलेंगे तन-मन,
पिया तोसे
पिया तोसे नैना ...
पिया
हो हो पिया **(chorus)** ...

film: Shaukeen singer: Kishore
lyrics: Anand Bakshi ? music: R.D. Burman

जब भी कोई कंगना बोले पायल छनक जाये
सोयी सोयी दिल की धड़कन सुलग सुलग जाये
करूँ जतन लाख मगर मन मचल मचल जाये
मचल मचल जाये, जब भी कोई कंगना बोले

छलक गये रंग जहाँ पर उलझ गये नैना रे नैना
उलझ गये नैना
पाये नहीं मन बंजारा कहीं भी ये चैना रे चैना
कहीं भी ये चैना
मेरे मन की प्यास अधूरी मुझे भटकाये,
जब भी कोई कंगना बोले

कली कली झूमे रे भंवरा अगन पे जल जाये पतंगा
अगन पे जल जाये
चंदा को चकोर निहारे इसी में सुख पाये रे पाये
इसी में सुख पाये
जीवन से ये रस का बंधन तोड़ा नहीं जाये,
जब भी कोई कंगना बोले

film: Ek Bar Muskuraa Do singer: Kishore
lyrics: Indeevar music: O.P. Naiyyar

हारेगा जब कोई बाज़ी ... तभी तो होगी किसी की जीत
दोस्त यही दुनिया कि रीत ... तुम्हें मुबारक मन का मीत

रूप तेरा ऐसा दरपन मे ना समाय - २
खुशबू तेरे तन कि मधुबन मे ना समाय
ओ मुझे खुशी मिली इतनी
ओ मुझे खुशी मिली इतनी, के मन मे ना समाय
पलक बंद करलूँ कहीं झलक ही ना जाय
रूप तेरा ...

मुझे ना मिली जो वो खुशी तूने पाई
ऐ दोस्त मुबारक हो तुझे प्यार की शहनाई
दुआ मेरे दिल की
दुआ मेरे दिल की, दामन में ना समाय
तुझे प्यार मिले इतना जीवन में ना समाय
मुझे खुशी मिली इतनी ...

मीत मेरा छीन लिया तूने छब दिखाके

film: Yeh Raat Phir Na Aayegi singer: Rafi, Asha
lyrics: S.H. Bihari music: O.P. Naiyyar

रफ़ी: (फिर मिलोगे कभी इस बात का वादा करलो
हमसे एक और मुलाकात का वादा करलो) - २

(दिल हर बात अधूरी है अधूरी है अभी
अपनी एक और मुलाकात ज़रूरी है अभी) - २
चंद लम्हों के लिये साथ का वादा करलो
हमसे एक और मुलाकात का वादा करलो
फिर मिलोगे कभी इस बात का वादा करलो

आशा: आप क्यूँ दिलका हंसीं राज़ मुझे देते हैं
क्यूँ नया नग़मा नया साज़ मुझे देते हैं
मैं तो हूँ डूबी हुई प्यार की तूफ़ानों में
आप साहिल से ही आवाज़ मुझे देते हैं
कल भी होंगे यहीं जज़बात ये वादा करलो
रफ़ी: हमसे एक और मुलाकात का वादा करलो
फिर मिलोगे कभी इस बात का वादा करलो
हमसे एक और मुलाकात का वादा करलो

film: Bawre Nain singer: Mukesh, Geeta Dutt
lyrics: Kedar Sharma music: Roshan

गीता: ख़यालों में किसी के, इस तरह आया नहीं करते
किसी को बेवफ़ा आ आ के तड़पाया नहीं करते

मुकेश: दिलों को रौंद कर दिल अपना बहलाया नहीं करते
जो ठुकराए गए हों उनको ठुकराया नहीं करते

गीता: जिन्हें मिटना हो वो मिटने से डर जाया नहीं करते
वो डर जाया नहीं करते
मुहब्बत करने वाले ग़म से घबराया नहीं करते
किसी को ...

मुकेश: मुहब्बत का सबक सीखो, ये जाकर जलनेवालों से
ये जाकर जलनेवालों से
के दिल की बात भी लब तक कभी लाया नहीं करते
जो ठुकराये ...

film: Kal, Aaj Aur Kal singer: Kishore, Asha
lyrics: Shailendra ? music: Shankar, Jaikishan

आशा: **in an incredulous tone** क्या??
किशोर: **in a slow, mellow tone**
हम जब होंगे साठ साल के, और तुम होगी पचपन की
बोलो प्रीत निभाओगी ना, तब भी अपने बचपन की
आशा: **in orgasmic ecstasy coupled with surprise**
क्या? क्या? क्या? क्या?
किशोर: **clearing his throat and imitating an old man the first time around with Asha laughing hysterically**
हम जब होंगे साठ साल के, और तुम होगी पचपन की
बोलो प्रीत निभाओगी ना, तब भी अपने बचपन की
आशा: तुम जब होंगे साठ साल के, और मै हूँगी पचपन की
प्रीत की ज्योत जलाऊंगी मैं, तब भी अपने बचपन की

किशोर: हाँ, बाहों का सहारा हो जब, लकड़ी क्यूँ हम टेकेंगे
आँख भले धुँधली हो जाए, दिल की नज़र से देखेंगे
आँखों में तुम यूँहीं देखना, क्या है ज़रूरत दरपन की
बोलो प्रीत निभाओगी ना, तब भी अपने बचपन की
आशा: तुम जब होंगे ...

आशा: रूप की ये मस्तानी धुन, एक दिन तो ढल जाएगी
और क़िस्मत भी चेहरे पे, समय का रंग मल जाएगी
तुम तब कहीं बदल ना जाना, क़सम तुम्हें इस धड़कन की
बोलो प्रीत निभाओगे ना, तब भी अपने बचपन की

किशोर: हाँ, ठंडी में तुम sweater बुओना,
हम लकड़ी चुन लाएंगे
बच्चो के संग बच्चे बन कर, हम दोनो तुतलायेंगे
मिलजुल कर हम साथ रहेंगे, बात न होगी अनबन की
बोलो प्रीत निभाओगी ना, तब भी अपने बचपन की
आशा: तुम जब होंगे ...
किशोर: **in teasing mode**
by this time Asha has gone nuts! हम जब होंगे ...